रोहतक
बुधवार 14 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 251
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 34.0°C
न्यून. 17.2°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 गिल रिकॉर्ड पांचवीं बार चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ, शेफाली भी सम्मानित

haribhoomi.com

RENAULT TRIBER TCe
3 YEARS WARRANTY
100PS
RE-019-LT
शुरुआती कीमत
₹7.84 L*
625L बूट स्पेस*
7 सीटर फ़ैमिली कार
21 kmpl फ़्यूल एफ़िशिएंसी
*the price mentioned above is the ex-showroom price for the Evolution Turbo variant, and may vary deperding on the model/variant and features in the car. all Renault vehicles now come with standard warranty of 3 years or 100 000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. *21kmpl fuel efficiency as certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. the features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel/ government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in
Renault recommends Castrol
renault.co.in
SHOWROOMS: HARYANA: RENAULT ROHTAK CITY Ph: 9311700651. RENAULT BHIWANI Ph: 8588874682. RENAULT FARIDABAD CITY Ph: 8860681876. RENAULT JHAJJAR Ph: 8130501404. RENAULT JIND Ph: 9582547926. RENAULT KAITHAL Ph: 9582331769. RENAULT KARNAL Ph: 7428190245. RENAULT KURUKSHETRA Ph: 8588875152. RENAULT PANCHKULA Ph: 8448511174. RENAULT PANIPAT Ph: 8588891170. RENAULT SONIPAT Ph: 9289631444. RENAULT REWARI Ph: 9643335838.

खबर संक्षेप



अजय खुंडिया के नेतृत्व में बूथ स्तर तक मजबूत होगा एससी मोर्चा: सैनी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने पंचकमल में अजय खुंडिया को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व ग्रहण कराया। सीएम ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में मोर्चा बूथ स्तर तक मजबूत होगा और वंचित वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगा। संगठन की जिम्मेदारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।

सीएम ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में गुणवत्ता और विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर दिया जोर

प्रदेश के 700 कंडम स्कूलों में एक साल में बनेंगे नए भवन

- 719 उत्कृष्ट विद्यालयों में बनेगी 10-10 कंप्यूटर की आईसीटी लैब
- सभी 14,297 सरकारी स्कूलों में पानी की गुणवत्ता की होगी जांच
- स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं के लिए हर जिले को मिलेंगे एक-एक करोड़ रुपये

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



चंडीगढ़। शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साथ में हैं शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में कंडम हो चुके लगभग 700 स्कूलों में नए भवनों का निर्माण टेंडर प्रक्रिया पूरी कर जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए। भवन निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। स्कूलों के नए भवनों में प्राकृतिक हवा के आवागमन की उचित व्यवस्था और नए मानकों के अनुरूप डिजाइन अपनाए जाएं। प्रत्येक स्कूल में सोलर सिस्टम भी लगवाया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में बच्चों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि इन सभी स्कूलों के भवनों का निर्माण अगले एक साल में अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश मंगलवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा सहित विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था, कंडम भवनों के पुनर्निर्माण, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षकों के रिक्त पदों, डिजिटल शिक्षा और विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। सीएम ने सभी जिलों के स्कूलों में अतिरिक्त उपायुक्तों के माध्यम से आवश्यक सुधार कार्य करवाए जाएंगे। इसके लिए सभी जिलों में एक-एक करोड़ रुपये की राशि जारी करने के निर्देश दिए।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने के निर्देश

हरियाणा में 14,297 सरकारी स्कूल संचालित हैं। इनमें सीएम ईईई, पीएम श्री और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों सहित 719 उत्कृष्ट विद्यालय शामिल हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी उत्कृष्ट स्कूलों में इसी वर्ष कम से कम 10 कंप्यूटर वाली आईसीटी लैब स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए हारट्रोन को कंप्यूटर खरीद प्रक्रिया जल्द पूरी करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने जलभराव से प्रभावित स्कूलों में स्थायी समाधान करने और जरूरत के अनुसार रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विभाग को सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे करने को कहा।

कार्यों की निगरानी के लिए पोर्टल बनाया जाएगा

सभी सरकारी स्कूलों में पानी की गुणवत्ता की होगी जांचमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी 14,297 सरकारी स्कूलों में पेयजल की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए। मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले स्कूलों में पानी की गुणवत्ता सुधारी जाएगी और जरूरत के अनुसार आरओ सिस्टम लगाए जाएंगे। स्कूलों में सुधार कार्यों के लिए प्रत्येक जिले को एक-एक करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। कार्यों की निगरानी के लिए पोर्टल बनाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त और शिक्षा विभाग हर महीने समीक्षा करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री तीन महीने में प्रगति की समीक्षा करेंगे। वहीं, प्रदेश के 13,126 स्कूलों में अभियान के तहत 10,47,122 पौधे लगाए गए। स्कूलों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तारों को हटाने के निर्देश भी दिए।

सीएम नायब सैनी ने खरीफ खरीद सीजन-2026 की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

मंडियों के अलावा खुले स्थानों पर भी रखी जाएगी किसानों की फसल

बारिश से फसल बचाने और समय पर उठान सुनिश्चित करने के लिए होंगे पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



चंडीगढ़। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साथ में हैं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्य मंत्री राजेश नागर। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीफ खरीद सीजन-2026 के दौरान किसानों की फसल रखने के लिए मंडियों के अलावा अन्य उपयुक्त खुले स्थान भी चिन्हित किए जाएं। इन स्थानों पर किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं तथा फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फेंसिंग सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण किसानों की फसल को किसी प्रकार का नुकसान न हो और मंडियों में फसल के उठान में भी कोई बाधा न आए। अधिकारी खरीद सीजन के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे करें। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ये निर्देश मंगलवार को चंडीगढ़ में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की सुविधा और उनकी मेहनत से तैयार फसल की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को फसल उतारने और रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध करवाया जाए, ताकि मंडियों में व्यवस्था बनी रहे और किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री आज स्वीडन दौरे पर रवाना होंगे

मुख्यमंत्री नायब सैनी 14 अक्टूबर बुधवार की रात को स्वीडन स्टाकहोम के दौरे पर रवाना होंगे। विदेश निवेश को हरियाणा में बढ़ावा देने की मुहिम के तहत हाल ही में सीएम ने विभागीय आला अफसरों के साथ सिंगापुर का दौरा भी किया था वे एक बार फिर स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम की यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच नवाचार और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री वहां 'इंडिया स्वीडन इनोवेशन डे' के भव्य कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, जो कि दोनों देशों के बीच तकनीकी और औद्योगिक तालमेल का एक प्रमुख मंच है। अंतरराष्ट्रीय दौरे के दौरान, स्वीडन के शीर्ष व्यापारिक लीडर्स और निवेशकों के साथ सीएम नायब सिंह सैनी की एक विशेष राउंडटेबल बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री स्वीडिश कंपनियों के सामने हरियाणा को एक प्रमुख औद्योगिक और मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पेश करेंगे।

नशामुक्त के लिए सरकार के सात संकल्प

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशामुक्त हरियाणा के लिए सात संकल्पों पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इनमें नशामुक्त थाना क्षेत्र, तस्करमुक्त जिला, नशीली गोलियों से मुक्त केमिस्ट शॉप, नशे के खिलाफ परिवार का सहयोग, उपचार की सुविधा वाले अस्पताल, जागरूकता व काउंसलिंग युक्त स्कूल और युवाओं को खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना शामिल है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 'संकल्प' सोसायटी की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए नशा तस्करी के नेटवर्क पर कार्रवाई और युवाओं के उपचार व पुनर्वास पर जोर दिया। उन्होंने हर महीने अभियान के परिणामों की समीक्षा और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। सरकार मैराथन, साइक्लोथॉन और अन्य जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही है। लेकिन अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि नशे की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है।

हरियाणा में स्वयंसेवी शिक्षक पंजीकरण पोर्टल लॉन्च

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा सिविल सचिवालय में शिक्षा विभाग के 'स्वयंसेवक शिक्षक पंजीकरण पोर्टल' की लॉन्चिंग की जिसके माध्यम से स्कूलों में स्वैच्छिक रूप से पढ़ाने के इच्छुक स्वयंसेवी अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा सहित शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। सीएम नायब सैनी ने कहा कि समाज में अनेक सेवानिवृत्त शिक्षक, एक्स-सर्विसमैन तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति अपने खाली समय का समाजहित में सदुपयोग करने के लिए सरकार के विभिन्न कार्यों से जुड़ने के लिए इच्छुक रहते हैं। ऐसे समाजसेवी व स्वैच्छिक रूप से सेवा देने के इच्छुक व्यक्तियों को शिक्षा विभाग में शैक्षणिक कार्यों से जोड़ने के लिए लॉन्च किया गया शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षकों, पढ़ाने के इच्छुक एक्स-सर्विसमैन, बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों तथा सेवाभाव से शिक्षण कार्य करने वाले व्यक्ति इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

- सेवानिवृत्त शिक्षक, एक्स सर्विसमैन और शिक्षण के इच्छुक लोग करा सकेंगे पंजीकरण

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

क्र.सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	बंद होने की तिथि
1.	61266268	स्फेरोलास्टिक रबर बेअरिंग	500 नग	12 नवम्बर 2026
2.	61266373	डंप वाल्व विद ब्रैकेट	120 नग	12 नवम्बर 2026
3.	61266381	डंप वाल्व	115 नग	12 नवम्बर 2026

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: 61266268, 61266373, 61266381 3566/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DD NO 31 दिनांक 12.10.2026 धारा 194 बी.एन.एस. एस थाना राई जिला सोनीपत

नाश की पहचान

नाम- नामपता नामालूम ।
पिता का नाम-नामालूम ।
पता- नामालूम ।
उम्र- 40 वर्ष करीब ।
कद-5 फुट 4 इंच ।
हुलियाः रंग सावला, हष्ट पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, जिसके दाहिने हाथ पर सांप की आकृति बनी हुई है व लाल रंग का कलावा बांधे हुए है। पहनावाः- हल्की गुलाबी रंग की शर्ट, कालर पर LOVE लिखा हुआ है व ग्रे रंग का लोअर पहने हुए है। नीले रंग का कच्छा पहने हुए है जिस पर अंग्रेजी मे DIVYA GOLDDY लिखा हुआ है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.10.2026/12.10.2026 की रात को एक नामपता नामालूम पुरुष की नाश GT ROAD पर KMP FLYOVER के पास मेन रोड़ पर RSA में मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है । नाश को शिनाख्त के लिए सरकारी हस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में 72 घंटें के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग/सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो० न० -7419410538
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-8307853536
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-22229, 100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/5462/2027/50144/88/6 दि. 13.10.2026

बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलने पर हाईकोर्ट सख्त

18 साल से अटका सेक्टर रोड 20 लाख जुर्माने का प्रस्ताव

- पीजीआई के गरीब मरीज कल्याण कोष में जमा करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में बाहरी विकास शुल्क जमा करने के बावजूद लोगों को सड़क और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलने पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। वर्ष 2008 में सेक्टर रोड के लिए शुरू हुई जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया 18 साल बाद भी आगे नहीं बढ़ने पर अदालत ने एचएसवीपी और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग पर 10-10 लाख रुपये जुर्माना लगाने का प्रस्ताव रखा। यह राशि पीजीआई चंडीगढ़ के गरीब मरीज कल्याण कोष में जमा कराने की बात कही गई। अदालत ने कहा कि जुर्माने का बोझ करदाताओं पर डालने के बजाय जिम्मेदार अधिकारियों से वसूली की जाए। खंडपीठ ने एचएसवीपी, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग और नगर निगम गुरुग्राम को चार सप्ताह में शपथपत्र देकर जमीन अधिग्रहण, सड़क निर्माण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की समयसीमा बताने के निर्देश दिए। अदालत ने मुख्य सचिव से पिछले पांच वर्षों में अधिकारियों पर लगाए गए जुर्माने, वसूली गई राशि और लंबित रकम का ब्योरा भी मांगा है। समय पर शपथपत्र दाखिल नहीं होने पर एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक को व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी।

ग्रुप-डी कर्मियों को फिर मिलेगा कैडर विकल्प चुनने का मौका

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने 2018 की भर्ती के तहत नियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों को कॉमन कैडर में रहने या मूल विभाग में सेवा जारी रखने का विकल्प दोबारा चुनने का अवसर दिया है। इसके लिए पोर्टल 14 से 30 अक्टूबर तक खुला रहेगा। सरकार ने वरिष्ठता निर्धारण को लेकर नए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। पहले पोर्टल पर प्रदर्शित गलत संदेश से वरिष्ठता समाप्त होने की धारणा बनी थी। अब स्पष्ट किया गया है कि वरिष्ठता संबंधित सेवा नियमों के अनुसार तय होगी। नया विकल्प अंतिम होगा। विकल्प नहीं चुनने वाले कर्मचारियों का पहले दर्ज विकल्प मान्य रहेगा। किसी भी कर्मचारी के विकल्प न देने पर उसे कॉमन कैडर का हिस्सा माना जाएगा। विकल्प बदलने के लिए विभागाध्यक्ष की अनुमति आवश्यक नहीं होगी।



14 से 24 अक्टूबर तक कांग्रेस का वोट बचाओ अभियान

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत 14 से 24 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी ब्लॉकों में जनजागरण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसका उद्देश्य मताधिकार, संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति लोगों को जागरूक करना है।संजय दत्त ने कहा कि 12 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित रोष मार्च में लोगों की भागीदारी ने लोकतंत्र की रक्षा के प्रति जागरूकता दिखाई। कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग उठा रही है।राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के नेतृत्व में गांधी या डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं से पदयात्रा, साइकिल या बाइक यात्रा निकाली जाएगी।

पराली जलाने से रोकने के लिए 8535 नोडल अधिकारी नियुक्त

चंडीगढ़। जिले में पराली सुरक्षा बल गठित, किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहनहरिभूमि न्यूज. चंडीगढ़। हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ग्राम स्तर पर 8,535 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी जिलों में पराली सुरक्षा बल का गठन भी किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने केंद्रीय मंत्रियों की अध्यक्षता में हुई अंतर-मंत्रालयी बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की तैयारियों की जानकारी दी।राणा ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रदेश में 66,050 आधुनिक कृषि मशीनें उपलब्ध हैं। धान क्षेत्र में पराली प्रबंधन के लिए 440 करोड़ रुपये की अनुमानित प्रोत्साहन राशि निर्धारित की गई है। किसानों को 1,200 रुपये प्रति एकड़ दिए जा रहे हैं। धान की सीधी बिजाई पर 4,500 रुपये और वैकल्पिक फसलों की बिजाई पर 8,000 से 10,000 रुपये प्रति एकड़ तक प्रोत्साहन दिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि निगरानी के लिए 20 ड्रोन तैनात हैं और 30 अन्य ड्रोन जल्द लगाए जाएंगे। प्रदेश में 79 पीएम 2.5 सेंसर भी स्थापित किए गए हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	नगर निगम, रोहतक में पुराने कचरे के निस्तारण व भूमि पुनरुद्धार तथा अंशों के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु आग्रह।	12.10.2026 02.11.2026	-	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 engg-rohtak@subhanyane.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50139/I/88/6 दि. 13.10.26

कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की प्रभारिता के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

कर्जदार(रें)/ सह-कर्जदार(रें) का नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय (रु.)	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि
श्रीमती कैलाशी देवी श्री बलवंत राम कैलाशो डेयरी फार्म (प्रोप्मैक्ट नं. IL10459871)	गांव हल्दाहेड़ी, तहसील शाहाबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 में स्थित खेवट नं. 39 खतौनी नं. 46 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1089	रु. 540976/- (रुपये पांच लाख चालीस हजार नौ सौ छिहत्तर केवल)	05-01-2026	09-10-2026
श्री सुक्रम श्री रणधीर सिंह श्रीमती मामो देवी रणधीर डेयरी विक्रम हेयर सैलून (प्रोप्मैक्ट नं. IL10648728)	गांव अजराना कलां, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र-136130 में स्थित यूआईडी नं. 585760E0OM4S00RL778A माप सहित सम्पत्ति प्लॉट/मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 770	रु. 516306/- (रुपये पांच लाख सोलह हजार तीन सौ छह केवल)	09-04-2026	09-10-2026
श्री बलविन्दर सिंह श्रीमती जरनैली मैसन (प्रोप्मैक्ट नं. IL10656871)	गांव दाऊ, माजरा, लाडवा, मंदिर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा, भारत-136132 में स्थित 583030DAU00001H0028A के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : 663.00, 609.00 सम्पत्ति क्षेत्रफल :	रु. 435289/- (रुपये चार लाख पैंतीस हजार दो सौ नवासी केवल)	09-01-2026	09-10-2026

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-108, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001/ अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : हरियाणा, दिनांक : 14.10.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

HORTICULTURE DEPARTMENT (HARYANA)
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में Village of Excellence के तहत 15 Front Line Demonstration कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं जिसमें प्रति Front Line Demonstration में 50 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। उपरोक्त कार्यकम में किसानों के लिए जलपान की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

Sr. No.	Particulars of work	No. of Farmers
1.	Breakfast (Samosa -01 pcs + Dal Kachori -01 pcs+ Frooti (125ml) -01 pcs+ Laddu -02 pcs. + Peda-02pcs.) per FLD	50 किसान प्रति FLD

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 16.10.2026 शाम 04:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मूल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 9728714706 पर संपर्क करें।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच-1149/11/1237/2027/50147/88/6 दि. 13.10.2026

ऊर्जा, परिवहन मंत्री ने पत्रकारों को दी जानकारी

800 करोड़ से बना शहीद स्मारक तैयार, पीएम उद्घाटन करने आएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में 8 सौ करोड़ की लागत से निर्मित आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक तैयार हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही एशिया के सबसे बड़े शहीद स्मारक का उद्घाटन करेंगे, जल्द ही इसकी तारीख का भी ऐलान किया जाएगा। इसके साथ ही उद्घाटन के बाद इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा। ये स्मारक केवल अम्बाला या हरियाणा का नहीं, बल्कि पूरे देश का राष्ट्रीय स्मारक है, जो 1857 की क्रांति के उन वीरों के बलिदान को समर्पित है, जिन्हें इतिहास में अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाया। मंत्री विज ने चंडीगढ़ हरियाणा सचिवालय के आठवें फ्लोर पर एक पत्रकार सम्मेलन बुलाकर यह एलान किया है। अनिल विज चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में जिस भी व्यक्ति ने अपने घर से एक कदम भी बाहर निकालकर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया, वे उन सभी वीरों को नमन करते हैं। उस समय ब्रिटिश साम्राज्य का विस्तार दुनिया के बड़े हिस्से तक था, लेकिन भारत के किसानों, जवानों, महिलाओं और बच्चों सहित असंख्य देशवासियों ने स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दी।



1857 की क्रांति के इतिहास को 23 गैलरियों में किया प्रदर्शित

वीरों को सम्मान दिलाने के लिए बना शहीद स्मारक

अनिल विज ने कहा कि 1857 में अंग्रेजी शासन के खिलाफ व्यापक संघर्ष हुआ, लेकिन कई वीरों के बलिदान को इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला। पिछली सरकारों के समय भी स्मारक बनाने की मांग उठाई गई थी।

पंचकूला: पैट एनिमल मेडिकल सेंटर का होगा आधुनिकीकरण

चंडीगढ़। पंचकूला स्थित पैट एनिमल मेडिकल सेंटर का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके तहत उन्नत जांच उपकरण, आधुनिक पशु एम्बुलेंस और अस्पताल भवन की मरम्मत एवं नवीनीकरण किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई पैट एनिमल हेल्थ सोसायटी की शासी परिषद की आठवीं बैठक में ये निर्णय लिए गए। केंद्र में पशुओं के हृदय की जांच के लिए ईसीजी मशीन और विभिन्न संक्रमणों की त्वरित जांच की सुविधा शुरू होगी। इसके लिए प्रतिवर्ष एक लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अस्पताल में घायल और चलने-फिरने में असमर्थ पशुओं की सुविधा के लिए 10 व्यक्तियों की क्षमता वाली लिफ्ट लगाई जाएगी। आपातकालीन सेवाओं के लिए करीब 25 लाख रुपये की लागत से नई पशु एम्बुलेंस खरीदी जाएगी।



नूंह में भाजपा का प्रदर्शन राहुल गांधी का पुतला फूंका

नूंह। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को महिला मोर्चा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में रोष प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय झिर कमल से मस्जिद चौक तक पदयात्रा निकाली और राहुल गांधी का पुतला जलाया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। महिला मोर्चा अध्यक्ष गोल्डी शर्मा ने सांसद के इस्तीफे की मांग करते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से भी मामले में संज्ञान लेने की मांग की। प्रदर्शन में रमेश मानुबास, हेमराज शर्मा, डॉ. ओमबीर, अरशद सरपंच, जतिन बुसरी और योगेश तंवर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026 ■ अश्विन मास शुक्ल पक्ष-04 ■ वर्ष : 30, अंक : 251 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 34.0 , न्यून. 17.2 haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

टास्क फोर्स प्रमुख नीलेकणि का सरकार को सुझाव

लास्ट मिनट में जारी हो नीट का पेपर


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक के सवालों के बीच परीक्षा सुधार टास्क फोर्स के प्रमुख नंदन नीलेकणि ने सुझाव दिए है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि पेपर लीक के जोखिम और इसके आर्थिक लालच को खत्म करने के लिए एक बड़े प्रश्न बैंक से अंतिम समय में प्रश्न पत्र तैयार किए जाने चाहिए। साथ ही उन्होंने कंप्यूटर-आधारित परीक्षा को बढ़ाने की भी बात कही। एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले से तैयार प्रश्न पत्र को अवैध तरह से बेचे जाने का आर्थिक लालच पैदा होता है। यदि परीक्षा के दिन ही रैंडम तरह से पेपर तैयार किया जाए, तो इससे एक प्रश्न पत्र का सवाल खत्म हो जाएगा और इसके लिए कोई आर्थिक लालच नहीं रहेगा।

प्रश्न पत्र बनाने से बेचने का आर्थिक लालच होता है पैदा

सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा करवाने के लिए सुधारों पर जोर

लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य अधर में



कंप्यूटर आधारित परीक्षा की ओर कदम

नीलेकणि ने सभी परीक्षाओं के लिए कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (सीबीटी) की ओर बढ़ने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'दूसरी बात यह है कि सभी परीक्षाएं कंप्यूटर-आधारित हों, और इसके लिए केंद्रों के एक नेटवर्क की जरूरत है। हमारे पास 1,50,000 केंद्र हैं जहां कोई लड़का या लड़की परीक्षा दे सकता है। इसे बढ़ाने की जरूरत है।

एआई से तैयार किया जा सकता है प्रश्न पत्र

जब नीलेकणि से पूछा गया कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस परीक्षा वाले दिन तुरंत प्रश्न पत्र तैयार करने में सक्षम हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से सहमति जताई। नीलेकणि ने जवाब दिया, 'हां बिल्कुल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) परीक्षा के दिन ही बड़े प्रश्न बैंक से प्रश्न पत्र तैयार कर सकता है। परीक्षा के पारदर्शी बनाने के लिए कई सुधारों पर चर्चा चल रही है।

सिफारिश लागू करने के लिए सरकार उत्सुक

परीक्षा प्रणाली में ढांचागत सुधारों की समीक्षा कर रही समिति के प्रमुख नीलेकणि ने संकेत दिया कि सरकार इन सिफारिशों को जल्द से जल्द धरातल पर उतारना चाहती है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि ये सभी सिस्टम से जुड़े मुद्दे हैं जिन पर हम अपनी समिति में चर्चा करेंगे और प्रधानमंत्री हमारे फैसलों को लागू करने के लिए बहुत उत्सुक हैं।' हाल के दिनों में नीट और अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में पेपर लीक के आरोपों के बाद छात्रों और अभिभावकों के बीच भारी चिंता का माहौल था। नीलेकणि समिति के ये तकनीकी और ढांचागत प्रस्ताव आने वाले समय में देश की परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा का नया मानक तय कर सकते हैं।

अभी कैसे काम करता है एग्जाम सिस्टम?

एनटीए पहले से एग्जाम के कई सेट बैकअप और अलग-अलग भाषाओं के कोड्स मिलाकर 3 से 4 क्वेश्चन पेपर के सेट जैसे क्यूआर, एसआर तैयार करता है। सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स और मॉडरेटर्स हजारों सवालों की समीक्षा के बाद ये लिमिटेड सेट तैयार करते हैं। जिन्हें फाइनल करने के बाद, प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्टेशन और बैंक वॉल्ट नेटवर्क के जरिए एग्जाम सेंटर्स तक पहुंचाया जाता है। हालांकि, पेपर तैयार होने से प्रिंटिंग प्रेस और फिर एग्जाम हॉल तक पहुंचने तक लंबा सफर तय करना पड़ता है। यही इस पूरे सिस्टम की कमजोर कड़ी है, क्योंकि हाल के कुछ वर्षों में सॉल्वर गैंग पेपर लीक की घटनाएं प्रश्न पत्र बनाने से ट्रांसपोर्टेशन के दौरान सेंधमारी करने में कामयाब हुई है। जिसने न सिर्फ लाखों स्टूडेंट्स के भविष्य को दांव पर लगाया, बल्कि एग्जाम कंडक्ट कराने के सिस्टम की साख पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अब अगर सीबीटी मोड व आखिरी मिनट में पेपर फाइनल करना लागू होता है, तो यह नकल गिरोह को खत्म कर सकता है।

हमें 'एक' क्वेश्चन पेपर की जरूरत ही क्यों

नंदन नीलेकणि ने कहा, 'हमें 'एक' क्वेश्चन पेपर की जरूरत ही क्यों है? क्योंकि जैसे ही कोई क्वेश्चन पेपर होता है, तो उसे बेचने का आर्थिक लालच पैदा हो जाता है... इसलिए, इसका सॉल्यूशन यह है कि सवालों का एक बहुत बड़ा बैंक हो और उस दिन के लिए क्वेश्चन पेपर आखिरी समय में तैयार किया जाए। इससे 'एक' क्वेश्चन पेपर वाला सवाल ही खत्म हो जाएगा और इसके लिए कोई आर्थिक लालच भी नहीं रहेगा।'





नवरात्र पर विशेष



चतुर्थ -कूष्माण्डा

दुर्गा मां के चौथे स्वरूप को कूष्मांडा के नाम से जाना जाता है। नवरात्र के तीसरे दिन इनका पूजन किया जाता है। अपनी मंद-मंद हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण भी इन्हें कूष्मांडा देवी कहा जाता है। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। सूर्यलोक में निवास कर सकने की क्षमता और शांति केवल इन्हीं में है। इनके तेज की तुलना सूर्य से की जा सकती है। इन्हीं के तेज प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। माँ कूष्मांडा अपने भक्तों की सदैव रक्षा करने वाली है और उन्हें मनवांछित फल प्रदान करती है। कूष्मांडा देवी के उदर में तीन तरह के तापों वाला संसार बसा है। वहीं इनके चौथे रूप की कूष्मांडा देवी के नाम से जाना जाता है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चंद्र तथा गदा है। बांए हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जयमाला धारण किए हैं। इनका वाहन सिंह है। संस्कृत भाषा में कूष्मांडा कुम्हड़े को कहा जाता है। कुम्हड़े की बलि इन्हें बहुत प्रिय है। इस कारण से भी यह देवी कूष्मांडा कही जाती है। माँ कूष्मांडा देवी की उपासना नवरात्र के चौथे दिन की जाती है। भक्तगण मन से इस श्लोक को पढ़कर मां की पूजा करते हैं-

'सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे॥'

चौथे दिन मां की पूजा करते समय भक्त का मन अनाहत मन में अवस्थित रहता है। भक्तों को शुद्ध एवं पवित्र भावना से मां की पूजा करनी चाहिए। भक्तों को मां की आराधना से आसानी से दुःखों से छुटकारा मिल जाता है। मनुष्य को बीमारियों से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता है और उसे सभी प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं। मां की प्रेमपूर्वक भक्ति करने से भक्त की आयु, यश, बल और आरोग्यता की वृद्धि होती है।

मंत्री का नाम लेकर सिपाही ने नौकरी लगवाने का झांसा दे हड़पे सात लाख

- जिम संचालक तीन महिलाओं की शिकायत पर केस दर्ज

जुलाना थाने के जांच अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि नौकरी लगवाने के नाम पर राशि हड़पने की शिकायत मिली थी। फिलहाल आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

तीन महिलाओं को एचकेआरएन के तहत नौकरी लगवाने का झांसा देकर 6 लाख 99 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। तीनों महिलाओ की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने रोहतक में तैनात पुलिसकर्मी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

जुलाना निवासी सुकिता व ज्योति और गांव ब्राह्मणवास निवासी सोनिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे जुलाना में जिम चलाती हैं। गांव गढवाली निवासी रिंकू जिम में प्रैक्टिस करने आता था। रिंकू रोहतक पुलिस में सिपाही के पद पर ड्यूटीरत है। गत जून माह में रिंकू ने उन्हें बताया कि वह पूर्व में गोहाना से विधायक एवं मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की सिक्योरटी में रह चुका है। इसके चलते उनकी स्टाफ से अच्छी बनती है। वे सभी विभागों में एचकेआरएन के तहत नौकरी लगवाते हैं। रिंकू की बातों में आकर उन्होंने तीनों को नौकरी लगवाने की बात कही। जिसकी एवज में रिंकू ने सात लाख रुपये की डिमांड की। उन्होंने अपने खातों से राशि रिंकू के खातों में ट्रांसफर कर दी। रिंकू ने उन्हें आश्वासन दिया कि 16 जुलाई तक उनकी आंगनबाड़ी में नियुक्ति हो जाएगी। रिंकू ने व्हाट्सएप पर उनके दस्तावेज ले लिए। बावजूद इसके उनकी नौकरी नहीं लगी और न ही पैसे वापस आए।

जब जिद पर आ गए मुनि... 4 दिन बाद सीएम ने आकर मनाया

सीएम का कार्यक्रम रद्द होने पर अभिग्रह नहीं हुआ था पूरा



पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार की देर रात पानीपत की गांधी मंडी स्थित जैन स्थानक पहुंचकर जैन मुनि डॉ. राजेश महाराज का अभिग्रह (संकल्प) पूर्ण करवाया और उनका आशीर्वाद लिया। वहीं, सोमवार की रात करीब 11 बजे सीएम सैनी का स्वयं जैन स्थानक पहुंचना उनकी संवेदनशीलता, विनम्रता और संतों के प्रति गहरी श्रद्धा का परिचायक रहा। स्मरणीय है कि नौ अक्टूबर को पानीपत के ऑरेलिया बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी का पहुंचना प्रस्तावित था। सीएम सैनी का यह कार्यक्रम प्रशासनिक कारणों के दृष्टिगत रद्द हो गया था। मुख्यमंत्री सैनी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाने से जैन मुनि राजेश महाराज की नाराजगी सामने आई। उन्होंने जल ग्रहण नहीं करने का संकल्प लिया था। इस घटनाक्रम के बाद मुख्यमंत्री सैनी ने मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए स्वयं गांधी मंडी जैन स्थानक पहुंचकर जैन मुनि महाराज से मुलाकात की और अभिग्रह पूर्ण करवाया। इस अवसर पर जैन समाज की ओर से विजय जैन, हेमंत जैन, शुभम जैन ने मुख्यमंत्री का पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

रंगदारी के लिए बिल्डर के ऑफिस पर फायरिंग करने की योजना फेल

एनकाउंटर में लॉरेंस व अर्जू गैंग के दो शूटरों को पैर में गोली मारकर दबोचा

- आरोपियों के कब्जे से जिगाना और पीएक्स-30 पिस्टल बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

मोहाली में एक बिल्डर के ऑफिस पर फायरिंग करने जा रहे दो बदमाशों की पंचकूला में सोमवार रात ताऊ देवीलाल स्टेडियम के पीछे पुलिस से मुठभेड़ हो गई। रात करीब 11 बजे गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी की थी। इस दौरान बाइक सवार दोनों युवकों ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब के अमृतसर के गांव बोरसी निवासी अर्शदीप और गांव रूमाणाचक निवासी जुगराज के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से जिगाना और पीएक्स-30 पिस्टल बरामद की हैं। घायल आरोपियों को पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों शूटर लॉरेंस गैंग और अर्जू बिश्नोई गैंग से संबंध रखते हैं। अभी पुलिस ने इस बारे में अधिकारिक बयान नहीं दिया है।

सोमवार रात करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक बाइक पर अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम के पास नाकाबंदी कर दी। आरोपी युवकों ने नाका देखकर भागने की कोशिश की। इसी दौरान उनकी बाइक फिसल गई। पुलिस टीम उन्हें पकड़ने के लिए आगे बढ़ी तो दोनों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों आरोपियों के बाएं पैर में एक-एक गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया।



पंचकूला। अस्पताल में आरोपियों से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी।

आरोपियों ने पंचकूला से लिए थे हथियार

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपियों ने पंचकूला से ही हथियारों की डिलीवरी ली थी। वे मोहाली के एक नामी बिल्डर के ऑफिस पर फायरिंग करने जा रहे थे। बताया गया है कि रंगदारी मांगने के लिए बिल्डर को धमकी भरी कॉल आई थी। बिल्डर ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो खौफ पैदा करने के लिए उसके ऑफिस पर गोलियां चलाने की योजना बनाई गई थी। घटना की सूचना मिलने पर डीसीपी क्राइम अमरिंदर सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और इसके बाद सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल जाकर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस अब जांच कर रही है कि पंचकूला में आरोपियों को हथियार किसने दिए थे और वे किस गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े हैं।

अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, 768 पैकेट पटाखे बरामद

पलवल। एंटी-नारकोटिक्स सेल ने इनायतपुर गांव में एक मकान में छापेमारी कर बिना लाइसेंस के अवैध तरीके से पटाखे बनाने और विस्फोटक सामग्री के भंडार का खुलासा किया। पुलिस ने अरशद के मकान की तलाशी में भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ और पटाखे बरामद किए। पुलिस ने मौके से 768 पैकेट पटाखे बरामद किए। प्रत्येक पैकेट में 10 डिब्बियां थीं। इसके अलावा करीब 50 किलोग्राम आक्सीडाइज़र नमक, कोयले के 29 कट्टे, 10 किलोग्राम पोटेशियम और करीब 15 किलोग्राम एल्यूमीनियम पाउडर भी जब्त किया। कोयले के प्रत्येक कट्टे का वजन लगभग 28 किलोग्राम है।

पुलिस के मुताबिक, बरामद सामग्री का इस्तेमाल पटाखे बनाने में किया जा रहा था। पुलिस ने इस संबंध में आरोपी अरशद को मौके से गिरफ्ता कर हसनपुर थाना में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि इस कार्य में उसके साथ और कौन-कौन जुड़े हुए हैं। जिले में दीपावली पर्व से पूर्व इस तरह अवैध रूप से पटाखे बनाने का यह तीसरा मामला पकड़ गया है।

लूट व ट्रिपल मर्डर में गिरोह के 9 सदस्यों को आजीवन कारावास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने लूट व ट्रिपल मर्डर मामले के आरोपी हरकेश उर्फ राकेश, फोकरिया, यादराम उर्फ बेरा, रामलाल, बन्नी, मुकेश, कमलेश, रमेश कुमार तथा महिला मीरा निवासी राजस्थान को आजीवन कठोर कारावास व 6-6 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी जयमल ने बताया कि मामला 22 मई 2018 का है। जीआरपी पुलिस को दिए अपने बयान में ईशम सिंह वासी पिंडारसी, जिला कुरुक्षेत्र ने बताया था कि उसका भाई राजा राम, अर्जुन निवासी पिंडारसी और सन्दीप वासी सल्पानी, कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पिंडारसी के पास डेरे में रहते थे और भेड़-बकरी रखते थे। जिनके पास करीब 500 भेड़-बकरी थी।

22 मई 2018 को सुबह 5 बजे पता चला कि रेल लाइन पर भेड़े कट गई हैं। भाइयों की तलाश करने पर खेतों के पास गढ्ढों में राजा राम व अर्जुन मृत पड़े मिले व संदीप गंभीर अवस्था में घायल पड़ा था। तीनों के मुंह पर प्लास्टिक की टेप लगी थी और हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। जांच में पाया कि 60 भेड़ लाइन पर कटी हैं और 250 चोरी हुई है। 30 मई 2018 को जांच के दौरान आरोपी पकड़े गए। वारदात करने के बाद आरोपी भेड़ों को बाड़े से लूटकर ट्रक में लोड करने के लिए रेलवे लाइन के साथ-साथ कुरुक्षेत्र की तरफ चल दिए थे। जब वे भेड़ों को रेलवे लाइन पार करवाकर दूसरे साइड ले जाने लगे तो उसी दौरान एक रेलगाड़ी पिंडारसी रेलवे स्टेशन की तरफ से आ गई, जिसके नीचे आने से काफी भेड़ कट गईं। जिसके बाद आरोपी भाग गए।

अस्थाई मान्यता प्राप्त निजी स्कूल 31 तक दें संबद्धता आवेदन

चरखी दादरी (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए निजी अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों को संबद्धता आवेदन जमा कराने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ और सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी स्तर के अराजकीय अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय 31 अक्टूबर तक आठ हजार रुपये शुल्क और 18 प्रतिशत जीएसटी सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि राजकीय व अराजकीय स्थाई संबद्धता प्राप्त विद्यालयों तथा गुरुकुल और विद्यापीठ को पांच हजार रुपये विलंब शुल्क व 18 प्रतिशत जीएसटी सहित 16 अक्टूबर तक संबद्धता आवेदन ऑनलाइन जमा करवाना होगा। इसके अतिरिक्त कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के एनरोलमेंट व पंजीकरण के लिए 13 से 19 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए 150 रुपये प्रति विद्यार्थी और अन्य राज्यों के प्रवासी विद्यार्थियों के लिए 200 रुपये प्रति विद्यार्थी शुल्क निर्धारित है। इसके साथ 100 रुपये विलंब शुल्क भी देय होगा। बोर्ड ने विद्यालय प्रबंधन को निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी है।

अंबाला व फतेहाबाद में दो क्लर्कों को रिश्वत लेते पकड़ा

चार हजार रिश्वत लेते रजिस्ट्री क्लर्क दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/रतिया

रतिया तहसील कार्यालय में मंगलवार को जिला विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए रजिस्ट्री क्लर्क (आरसी) बलविंदर सिंह को 4 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी पर किसान की दादालाई जमीन का इंतकाल दर्ज करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, गांव नवथान निवासी किसान नेता गुरदीप सिंह ने जिला विजिलेंस ब्यूरो को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि उसकी दादालाई जमीन का इंतकाल दर्ज करने के लिए रजिस्ट्री क्लर्क बलविंदर सिंह ने 29 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। बाद में बातचीत के दौरान 4 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस टीम ने मंगलवार को नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति के बाद तहसील कार्यालय में कार्रवाई की। जैसे ही शिकायतकर्ता ने तय राशि आरोपी क्लर्क को सौंपी, विजिलेंस टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

एनसीसी की क्लर्क पांच हजार लेते काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

एंटी करप्शन ब्यूरो ने एनसीसी ऑफिस में तैनात महिला क्लर्क को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी क्लर्क ने नौकरी पक्की करने से जुड़े सरकारी लेटर को मंजूर करवाने के बदले 20 हजार रुपये की मांग की थी। मंगलवार को जैसे ही क्लर्क ऋचा ने पहली किस्त ली एसीबी टीम ने ट्रैप लगाकर उसे तुरंत काबू लिया। ऋचा ने पैसे लेकर मोबाइल कवर के पीछे रखे थे। तलाशी ली गई तो आरोपी काफी देर तक मोबाइल को छिपाती रही। आरोपी के खिलाफ एसीबी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। परिवादी ने एसीबी को बताया कि आरोपी नौकरी से जुड़े सरकारी लेटर को मंजूर कराने के बदले रिश्वत मांग रही थी। यह लेटर हेड ऑफ डिपार्टमेंट से मंजूर होना था। आरोपी एनसीसी की दूसरी हरियाणा बटालियन में कांट्रेक्ट पर क्लर्क थी। आरोपी ने 20 हजार की रिश्वत चार किस्तों में लेने की बात कही। हर किस्त में 5 हजार रुपये देने तय हुए थे। पहली किस्त लेते हुए ही आरोपी को पकड़ लिया गया।

अव्यवस्था | स्कूलों को दिसंबर तक खेलों पर खर्चने होंगे एक लाख रुपये

आधा सत्र बीतने पर आया खेल बजट

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश के सरकारी स्कूल बेहतर खेल सुविधाओं के लिए पूरा साल बजट का इंतजार करते रहे। अब सत्र का अधिकांश हिस्सा बीतने के बाद प्रदेश के हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में खेल मैदानों के विकास और खेल उपकरणों की खरीद के लिए एक-एक लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने 12 अक्टूबर को इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसके तहत स्कूलों को 31 दिसंबर 2026 तक बजट खर्च करना होगा और 31 जनवरी 2027 तक उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा करवाना होगा। यानी स्कूलों के पास बजट का इस्तेमाल करने के लिए ढाई महीने से भी कम समय है। शिक्षा विभाग के इस फैसले से सरकारी स्कूलों में खेल सुविधाएं विकसित करने की उम्मीद जगी है, लेकिन बजट जारी होने के समय को लेकर सवाल भी खड़े होते हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद संगीता बिश्नोई ने बताया कि फतेहाबाद जिला में 10वीं व 12वीं कक्षा तक के कुल 153 स्कूल है। इनके लिए एक करोड़ 53 लाख की राशि जारी हुई है। स्कूलों के खाते में राशि डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्कूलों में विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार खेलों का सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के 50 प्रतिशत स्कूलों का औचक सत्यापन करेंगे, जबकि जिला शिक्षा अधिकारी 10 प्रतिशत स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।

मैदान पर 50 हजार खर्च कर सकेंगे

माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकूला के महानिदेशक की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक सरकारी स्कूल को खेल मैदान के विकास और खेल उपकरणों की खरीद के लिए एक लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से मैदान का समतलीकरण, खेल मैदान की मार्किंग, इनडोर और आउटडोर खेलों के उपकरणों की खरीद तथा खेल सुविधाओं से संबंधित छोटी-मोटी मरम्मत करवाई जा सकेगी। खेल मैदान के विकास, समतलीकरण और मार्किंग पर अधिकतम 50 प्रतिशत राशि यानी 50 हजार रुपये खर्च किए जा सकते हैं। हालांकि, मैदान में मिट्टी भरवाने के लिए इस मद से खर्च की अनुमति नहीं होगी। बजट के इस्तेमाल की जांच जिला और राज्य स्तर की कमेटियां भी करेंगी।

प्राथमिक विंग के लिए नहीं आया बजट

स्कूलों को शिक्षा विभाग द्वारा खेलों के लिए पहली बार राशि भेजी गई है। इसमें भी प्राथमिक विंग को शामिल नहीं किया गया जोकि एक अचंभित करने वाला फैसला है। प्राथमिक विंग के छात्रों को खेलों से वंचित नहीं किया जा सकता। अगर नींव ही मजबूत नहीं होगी तो मेडल कहां से आएंगे। खेल जीवन और शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। प्राथमिक शिक्षा से ही सुविधाएं मिलें तो हमारा प्रदर्शन ओर बेहतर हो सकता है।
- **देवेन्द्र दहिया**, चेयरमैन राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा

उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति

(डब्ल्यू.पी. (सीआरएल.) सं. 280 ऑफ 2026 और सम्बन्धित मामलों में आदेश दिनांक 18.08.2026 के तहत भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित)

शिक्षा सदन, 17, राउज एवेन्यू, नई दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

रिट याचिका (सीआरएल.) सं. 280 ऑफ 2026 और सम्बन्धित मामलों में पारित इसके आदेश दिनांक **18 अगस्त 2026** के तहत भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जंतर-मंतर, दिल्ली और दिल्ली से बाहर के स्थानों पर जुलाई माह 2026 के दौरान हिंसा से सम्बन्धित घटनाओं के सभी पहलुओं समेत उनसे उत्पन्न व्यापक मुद्दों की जांच करने के लिए एक पांच-सदस्यीय **उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति (एचपीईसी)** गठित की थी।

एचपीईसी माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 10 सितम्बर 2026 के **पैराग्राफ 5(i)** में वर्णित मुद्दे के साथ-साथ **पैराग्राफ 12(i), 12(vi), 12(vii) और 13(iii)** में वर्णित मुद्दों को प्राथमिकता देने सहित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 18 अगस्त 2026 के पैराग्राफ 12 और 13 में उल्लिखित सभी मुद्दों की जांच करेगी।

इन मुद्दों में अन्य बातों के अलावा **पेलेट गन्स के इस्तेमाल, महिला प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाकर की गई हिंसा एवं उत्पीड़न तथा दोनों पक्षों की ओर से हुई अत्यधिक हिंसा और संपत्ति को पहुंचाई गई क्षति से संबंधित मामले** शामिल हैं।

आदेशों दिनांक **18 अगस्त 2026** और **10 सितंबर 2026** की प्रतियां, जिनमें एचपीईसी की संरचना तथा समिति को सौंपे गए मुद्दों, जिनमें प्राथमिकता वाले मुद्दे भी शामिल हैं, एचपीईसी के पोर्टल पर http://hpec.nic.in/supreme-court-orders पर उपलब्ध हैं।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने रिट याचिकाओं के पक्षकारों को एचपीईसी के समक्ष उपस्थित होकर ऐसी सम्बद्ध सामग्री, दस्तावेजी साक्ष्य और सुझाव, जैसा वे इसके अध्यक्ष के माध्यम से एचपीईसी द्वारा निर्णित किए जा सकने वाले तरीके में उपयुक्त समझे, प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता प्रदान की है।

माननीय न्यायालय ने शिकायतकताओं और गवाहों की पहचान सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शिकायतें, अभ्यावेदन और अन्य सम्बद्ध सामग्री गुमनाम रूप से प्रस्तुत करने की अनुमति भी दी है। इसके अतिरिक्त, माननीय न्यायालय ने इसके आदेश दिनांक 10 सितंबर 2026 में एचपीईसी को निर्देश जारी किये हैं कि वह संवेदनशील गवाहों को उचित सुरक्षा प्रदान करे तथा उनकी पहचान गोपनीय और अघोषित रखे। **माननीय न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि एचपीईसी के समक्ष ऐसे संवेदनशील गवाहों द्वारा दिए गए बयानों और प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के संबंध में अत्यंत गोपनीयता बनाए रखी जाए।**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में तथा संवेदनशील गवाहों के हितों की सुरक्षा और प्रभावित व्यक्तियों एवं अन्य संबंधित हितधारकों द्वारा सामग्री प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से एचपीईसी ने एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जिस पर http://hpec.nic.in के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

संबंधित व्यक्तियों, गवाहों और अन्य हितधारकों की सुविधा के लिए एचपीईसी ने सूचना एवं सामग्री प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रारूप भी उपलब्ध कराए हैं।

तदनुसार, प्रभावित व्यक्ति, गवाह और अन्य संबंधित हितधारक एचपीईसी पोर्टल पर जाकर तथा जहां लागू हो, उपयुक्त प्रारूप का चयन करके अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन, बयान, दस्तावेज और अन्य सम्बद्ध साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त के अतिरिक्त, कोई भी व्यक्ति जो आदेशों दिनांक 18 अगस्त 2026 और 10 सितंबर 2026 के तहत एचपीईसी को सौंपे गए मुद्दों से संबंधित जानकारी प्रदान करने का इच्छुक है, वह भी उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से ऐसी जानकारी प्रस्तुत कर सकता है। जो व्यक्ति अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन और अन्य सम्बद्ध सामग्री भौतिक रूप से प्रस्तुत करना चाहते हैं, वे सभी कार्य दिवसों को 1400 बजे से 1600 बजे के बीच एचपीईसी के कार्यालय में शिक्षा सदन, 17, राउज एवेन्यू इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-110002 में ऐसा कर सकते हैं। प्रस्तुतियां उपरोक्त पते पर डाक द्वारा अथवा hpec2026.enquiry@nic.in पर ई-मेल द्वारा भी भेजी जा सकती हैं।

ऐसे सभी उत्तर/प्रस्तुतियां बिना किसी विलंब के दिये जा सकते हैं।

सदस्य सचिव
उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति
नई दिल्ली

सीबीसी 19101/11/0016/2627

रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

सुविचार

सपने वो नहीं जो हम सोते वक्त देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। - अज्ञात

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

3



7 आईसीसी रैंकिंग : 790 अंक के साथ शीर्ष पर स्मृति

खबर संक्षेप

ममता पर घर के सामने चाकू से हमले का दावा


कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चाकू से हमले की कोशिश हुई है। मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे एक महिला ममता के घर पहुंची और उन पर चाकू से हमला करने की कोशिश की। पार्टी ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। टीएमसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता साकेत गोखले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि महिला नशे की हालत में थी। गोखले ने सवाल उठाया कि जब तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकीं ममता अपने घर पर सुरक्षित नहीं हैं, तो राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कैसी है। *एजेंसी*

फ्लाईदुबई मामले में 2 मालदीवी पायलट अरेस्ट

अबू धाबी। फ्लाईदुबई फ्लाइट में हुई घटना में मालदीव के दो पायलट को गिरफ्तार किया गया है। इनका संबंध कैप्टन स्मित मच्छार के को-पायलट और आरोपी हमाम अल-हम्मामी से बताया जा रहा है। 3 अक्टूबर को इन दो मालदीवी पायलटों को यूएई में हिरासत में लिया गया। मालदीव के पायलटों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। लेकिन यूएई स्थित मालदीवी दूतावास ने उनके परिवारों को इस संबंध में सूचित कर दिया है। *एजेंसी*

158 शरणार्थियों को मिली भारतीय नागरिकता

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने 158 शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र वितरित किए। इससे शरणार्थी परिवारों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। संघवी ने कहा कि आज से आप आधिकारिक तौर पर भी भारतीय बन गए हैं। जो पीड़ा थी, वह पीछे छूट गई है।



भारत की चीन को दो टूक, लद्दाख हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा

ड्रैगन ने 28 जगहों को बताया था अपना, विदेश मंत्रालय ने जताई आपत्ति

जिन जगहों के बदले थे नाम उनमें गोगरा-हॉट स्प्रिंग भी शामिल

एजेंसी ▸▸ बीजिंग/नई दिल्ली

चीन ने लद्दाख की 28 जगहों को अपना बताया है। इस पर भारत ने दो टूक जवाब देते हुए कहा है कि लद्दाख हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा। चीन ने मंगलवार को इन जगहों के नाम तय करने के भारत के फैसले पर आपत्ति भी जताई। चीन ने कहा- ये इलाके हमारे हैं और भारत के नाम बदलने या नया नाम रखने से जमीन पर मालिकाना हक नहीं बदलेगा। भारत ने 2 अक्टूबर को इन जगहों के नाम आधिकारिक तौर पर तय किए थे। इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग जैसे इलाके भी शामिल हैं।



हम लद्दाख को भारत का यूटी नहीं मानते

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को कहा कि चीन लद्दाख को भारत की ओर से बनाया गया केंद्र शासित प्रदेश नहीं मानता। चीन ने भारत के इस कदम को गैरकानूनी बताते हुए कहा कि सीमा के पश्चिमी हिस्से के ये इलाके उसके हैं। माओ के मुताबिक, भारत के इस फैसले से सीमा के पश्चिमी हिस्से में उन इलाकों पर चीन का दावा नहीं बदल सकता, जिन्हें वह अपना क्षेत्र मानता है।

चीन के इनकार करने से हकीकत नहीं बदलेगी

चीन की आपत्ति पर भारत ने भी जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि लद्दाख भारत का हिस्सा है। चीन के इनकार करने से यह हकीकत नहीं बदलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इन जगहों के नाम सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक नक्शे में दर्ज किए गए हैं। यह काम लद्दाख प्रशासन और स्थानीय लोगों से सलाह लेकर किया गया है। जायसवाल ने कहा कि इन जगहों के नाम नक्शे में दर्ज करने का मकसद उनकी सही पहचान करना और लोगों को उनके बारे में जानकारी देना है।

भारत ने क्यों तय किए नाम?

- भारत के गृह मंत्रालय ने 2 अक्टूबर को आधिकारिक तौर पर लद्दाख की 28 जगहों और क्षेत्रों के नाम तय किए थे।
- भारत का फैसला 2023 में चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश के इलाकों के नाम बदलने के जवाब में उठाया गया था। चीन अरुणाचल प्रदेश को 'जांगनान' यानी दक्षिणी तिब्बत कहता रहा है।

पूर्वी लद्दाख के इलाकों में दोनों देशों के बीच तनाव

भारत ने जिन जगहों के नाम तय किए, इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग भी शामिल हैं। ये पूर्वी लद्दाख के संवेदनशील इलाके हैं, जहां भारत और चीन के सैनिकों के बीच सीमा पर तनाव रहा है। इन जगहों पर भारतीय सैनिक गश्त भी करते हैं। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद बढ़ गया था। 5 मई को पैंगोंग झील के पास दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। 2020 के जून में गलवान घाटी में भी दोनों सेनाओं के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था। इसके बाद दोनों देशों ने सीमा पर तनाव कम करने और सैनिकों को पीछे हटाने के लिए बातचीत शुरू की। सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया 2022 में शुरू हुई।

28 जगहों में ये शामिल

- **पहाड़-चोटियां:** अतीशा गिरि, कनीष्क पीक, करुण पीर पर्वत, मार्तंड गिरि, द्रक कार्पो, जोलमोरी, रिनचेन जांगपो, साक्यश्री गिरि, मारपा लोत्सावारी, मिलारेपा कांगरी, शिव री, जोरावर पीक और महेश्वररी।
- **दर्रे-ग्लेशियर:** चापचिंगल दर्रा, शाचमिरिक दर्रा, पारपिक ग्लेशियर और स्कामरी ग्लेशियर।
- **जमीन के इलाके:** ब्रांगसा, कुकसेल, देहरा कम्पास, गोगरा, कुमारायण पॉइंट, पंगलुंग और शमाल लुंगपा।
- **घाटी-जल स्रोत:** श्कोर्गा घाटी, गुरु रिनपोछे झील, यांगपा नदी और हॉट स्प्रिंग। इन जगहों के नाम तय करके सरकारी नक्शे में शामिल करने का मकसद उनकी सही पहचान बताना है।

केंद्रीय मंत्री मुरुगन का इस्तीफा राज्यसभा की सदस्यता भी छोड़ी

पीएम को लिखी चिट्ठी, कहा- तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने में समय देंगे

मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं मुरुगन, उनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक था

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना और प्रसारण, संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल मुरुगन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पीएम मोदी को 5 पेज की चिट्ठी में उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता भी छोड़ने की बात कही है। मुरुगन ने चिट्ठी में लिखा- मुझे जिम्मेदारियों से मुक्त किया जाए। मैं तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने के लिए अपना समय देना चाहता हूं। मुरुगन ने लिखा, 'आपके नेतृत्व में देश और तमिलनाडु की सेवा करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। वे गरीब परिवार से आते हैं और उनके माता-पिता मजदूरी करते थे।' तमिलनाडु के रहने वाले मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं। उनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक था।



विस चुनाव में टीवीके के प्रत्याशी से हारे

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में मुरुगन अविनाशी (एससी) सीट से किस्मत आजमा चुके हैं। वे दूसरे नंबर पर रहे। उन्हें 56,200 से ज्यादा वोट मिले। सीएम विजय की टीवीके (थलापति विजय की पार्टी) के प्रत्याशी कमाली एस. से वह 15373 वोटों से हार गए थे।

अरुंथथियार समुदाय से आते हैं मुरुगन

एल मुरुगन जब पहली बार मंत्री बने थे, तब उनके माता-पता तमिलनाडु में नमक्कल जिले के कुनूर गांव में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। एल मुरुगन के पिता लोगनाथन और मां वरुदम्मल गांव में अपने छोटे से घर में रहते हैं। वह अनुसूचित जाति के अरुंथथियार समुदाय से आते हैं। बेटे के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भी उनकी दिनचर्या में बदलाव नहीं आया था। गांव वाले बताते हैं कि बेटे के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष होने के बाद भी लोगनाथन कोरोना महामारी के टीके के लिए आम लोगों की तरह कतार में लगे थे। मुरुगन की मां वरुदम्मल ने तब कहा था, 'हमने अपने बेटे का भविष्य बनाने के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन आज उसने जो जगह कमाई है, वह उसी की मेहनत है। हमें उस पर गर्व है। हम खेतों में काम कर रहे थे। मंत्री बनने की खबर सुनने के बाद भी दोनों ने काम रोका नहीं था।'

'तुम आतंकवादी हो...', अमेरिका में मोहम्मद यूनुस का कड़ा विरोध

वाशिंगटन। बांग्लादेश की पूर्व अंतरिम सरकार के प्रमुख और नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बांग्लादेशी प्रवासियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। सोमवार को जब वह हवाई अड्डे पहुंचे, तो प्रवासियों के एक समूह ने उन्हें घेर लिया और गंभीर आरोप लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने उन्हें आतंकवादी कहा और उन पर कुछ लोगों की जान लेने तथा लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए। मुख्य सलाहकार पद से हटने के बाद यूनुस की यह पहली विदेश यात्रा है। इस बीच बांग्लादेश सरकार के सलाहकार जाहिद उर रहमान ने स्पष्ट किया है कि ढाका इस मामले में विरोध करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा।



पूर्व बांग्लादेशी एडवाइजर को प्रवासियों ने घेरा

वापस जाओ के लगाए नारे

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब यूनुस कतर एयरवेज की उड़ान से दोहा होकर टर्मिनल 8 पहुंचे। जब उन्हें व्हीलचेयर पर बाहर लाया जा रहा था, तब भीड़ ने वापस जाओ के नारे लगाए और तीखे सवाल किए। एक प्रदर्शनकारी ने चिल्लाते हुए कहा कि उन्होंने लोगों की हत्या की है और पूछा कि वह अमेरिका क्यों आए हैं।

त्योहारी सीजन को देखते हुए फैसला

यूपीआई पर 0.4 प्रतिशत चार्ज दिवाली तक टला

नई दिल्ली। यूपीआई पेमेंट पर 15 अक्टूबर से लागू होने वाला चार्ज दिवाली तक टाल दिया गया है। इसमें दुकानदार को 2,000 से ज्यादा का यूपीआई पेमेंट करने पर 0.4% चार्ज लगना था। एनपीसीआई ने त्योहारी सीजन को देखते हुए इसे टालने का फैसला लिया है। एनपीसीआई ने कहा है कि इसे दिवाली के तुरंत बाद लगाया जाएगा, लेकिन अभी तारीख नहीं बताई है।

सरकार के एमडीआर प्रपोजल की बड़ी बातें

- अगर ग्राहक दुकानदार को 2,000 से ज्यादा का यूपीआई पेमेंट करता है, तो दुकानदार को कुल रकम पर 0.4% का एमडीआर चार्ज देना होगा।
- अगर ग्राहक 75,000 या उससे ज्यादा का बड़ा पेमेंट करता है, तो प्रतिशत के बजाय अधिकतम 300 का फ्लैट चार्ज लागू होगा।

बिहार के वैशाली में नाव पलटी, 13 की जान गई

एजेंसी ▸▸ वैशाली

राघोपुर में गंगा नदी में नाव पलट गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। सभी की उम्र 6 से 15 साल के बीच बताई जा रही है। हादसा रात करीब 8.30 बजे हुआ। जब 25 से ज्यादा लोग एक छोटी नाव में बैठकर नदी पार कर दावत में जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक मरने वालों में पिंकी कुमारी, अंकिता कुमारी, सुनीता कुमारी, आर्यन कुमार, अलीशा कुमारी, सिकी कुमारी, भोणू कुमारी और मीरा कुमारी शामिल हैं। बाकी शवों की पहचान की जा रही है। वैशाली की डीएम वर्षा सिंह ने बताया है कि 7 घायलों को पटना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा गया है। एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू के लिए पहुंच गई हैं। इधर, सीएम सम्राट चौधरी ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख और पीएमओ ने 2-2 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है। घायलों को 50-50 हजार की राशि दी जाएगी।

मरने वालों में ज्यादातर बच्चे 25 से ज्यादा लोग सवार थे

आशुतोष व सौरव को जंतर मंतर से लिया हिरासत में

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका को मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया। दोनों सीजेपी समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पर पहुंचे और नारेबाजी कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने सभी को पकड़ लिया। सीजेपी ने हिरासत में लिए गए नेताओं का वीडियो जारी किया। रांका ने कहा, 'ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक प्रदर्शन जंतर-मंतर पर ही होगा। आज 10 लोग आए हैं, कल 1000 आएंगे, परसों 10,000 आएंगे। केंद्र ने सोमवार को इसे निर्धारित प्रदर्शन स्थल की लिस्ट से हटा दिया था। सीजेपी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर और एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन कर रही है।

बैन के बावजूद प्रदर्शन करने पर कार्रवाई



गर्भवती महिला पत्रकार का आरोप

प्रदर्शन के दौरान राहुल ने दिया धक्का, मारी कोहनी

पत्रकार ने कैमरे पर बताई आपबीती उसने कहा- मैं अपना काम कर रही थी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को विपक्ष के विरोध प्रदर्शन को कवर कर रही एक महिला पत्रकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उन्हें धक्का देने का आरोप लगाया है। इससे राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। रिचा पराशर ने आरोप लगाया कि राहुल ने उन्हें धक्का दिया। यह घटना सुप्रीम कोर्ट से बाहर निकलते समय हुई। रिचा ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस घटना के बाद अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। रिचा ने राहुल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'स्मैश पैट्रिआर्की' का नारा लगाने वाले क्या ऐसे ही तोड़ेंगे। उन्होंने उन लोगों पर भी सवाल उठाया जिन्होंने उनकी गर्भावस्था को लेकर भीड़ में जाने पर टिप्पणी की। रिचा ने कहा कि वह भी एक पत्रकार हैं और यह उनका काम है। उन्होंने कहा कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

राहुल के गार्डों ने भी धक्का दिया

रिचा के अनुसार वे राहुल का बाइट लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट के गेट पर खड़ी थीं। उन्होंने माइक बढ़ाया, पर लोगों के कहने पर हटाया। हालांकि, अन्य मीडियाकर्मी भी वहां मौजूद थे, इसलिए उन्होंने फिर माइक बढ़ाया। राहुल आगे बढ़े और उन्होंने रिचा के कंधे को पकड़कर खींचा। उनके गार्डों ने भी रिचा को धक्का दिया। वीडियो में राहुल ने उनके कैमरामैन को कोहनी मारी, जिससे वे गिर गए और उन्हें चोट भी लगी।

प्रदर्शनों से हो रहा नुकसान हाईकोर्ट पहुंचे व्यापारी

दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी में विरोध प्रदर्शनों को तय नियम कानूनों के तहत काबू करने की मांग वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। ये याचिकाएं व्यापारियों, वेंडरों और वकीलों की ओर से दाखिल की गई है। व्यापारियों का कहना है कि मध्य दिल्ली में लगातार प्रदर्शनों और बैरिकेडिंग से उनको भारी नुकसान हो रहा है।

विपक्ष के प्रदर्शन के बीच बोले गृहमंत्री

राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस 2029 का चुनाव भी हारेगी : शाह

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश भर में एसआईआर और चुनाव आयोग के खिलाफ आंदोलन के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पहली बार बयान दिया। उन्होंने कहा- राहुल गांधी एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस देश की जनता उनके एजेंडे को अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा-एसआईआर प्रक्रिया 2024 के बाद शुरू हुई, जबकि राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से ही कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। मैं राहुल से कहना चाहता हूं कि 2029 में एक बार फिर करारी हार के लिए तैयार रहें। शाह ने कहा- 2029 के लोकसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत हासिल करेगा और कांग्रेस को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ेगा। इस देश की जनता पीएम मोदी, भाजपा और एनडीए के साथ है। आप इस सच को नकार नहीं सकते।



शाह ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी ने कुल 104 सीटों में से 90 सीटें जीती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या गुजरात निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार की वजह भी एसआईआर है?

निकाय चुनाव में 44 में से 38 सीटें जीती भाजपा

गांधीनगर। भाजपा ने गांधीनगर नगर निगम (जीएमसी) पर अपना दबदबा बनाए रखा है। निकाय चुनाव में भाजपा ने 44 में से 38 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई और 2021 की 2 सीटों के मुकाबले इस बार 5 सीटें हासिल कीं। जबकि, आप इस बार अपना खाता भी नहीं खोल पाई। चुनाव में बची हुई एक सीट एक निर्दलीय उम्मीदवार ने जीती। भाजपा को राज्य की राजधानी के निकाय में स्पष्ट बहुमत मिला। इस चुनाव में आप के नतीजे निराशाजनक रहे। 2021 में एक सीट जीतने वाली पार्टी इस बार एक भी सीट नहीं जीत सकी। दिए गए आंकड़ों के अनुसार उसका वोट शेयर भी पिछले चुनाव के करीब 21.77 फीसदी से घटकर 4.38 फीसदी रह गया।

रिवॉल्वर का ट्रिगर दबने से माथे में लगी गोली, 12 वर्षीय बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आदमपुर

शिव कॉलोनी में मंगलवार शाम लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली चलने के कारण 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान देविक गोयल पुत्र रवि गोयल निवासी क्रांति चौक, मंडी आदमपुर के रूप में हुई है। गोली देविक के माथे पर लगी और पार हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, देविक मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे अपने दोस्त अजय पुत्र गौतम सुथार के घर गया था। बुधवार को मदर प्राइड कॉन्वेंट स्कूल, मंडी आदमपुर से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों का टूर बुधवार को शिमला जाना था। इसी सिलसिले में दोनों बच्चे घर में रखी लोहे की अलमारी खोल रहे थे। अलमारी में गौतम सुथार का लाइसेंसी रिवॉल्वर रखा हुआ था। बताया गया है कि देविक ने रिवॉल्वर देखने के लिए उसे हाथ में लिया, तभी ट्रिगर दबने से गोली चल गई और उसके माथे पर जा लगी। गोली लगने से देविक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। देविक सातवीं कक्षा का छात्र था।

हिसार के आदमपुर में हादसा

दोस्त के घर गए बच्चे ने अलमारी से निकाल कर हाथ में उठाई रिवॉल्वर तो अचानक चली गोली

पीयूष गोयल बोले- संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे राहुल

दो सीईसी को कांग्रेस ने राज्यपाल बनाया, क्या ये सही है?

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस पर अपने शासन के दौरान चुनाव आयुक्तों को राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) रहते एमएस गिल को पद्म विभूषण देना क्या रिश्वत नहीं थी। गोयल ने कांग्रेस के पुराने फैसलों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को बाद में राजनीतिक पद दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव हारने पर चुनाव आयोग पर सवाल उठाती है, लेकिन जीतने पर चुनाव प्रक्रिया को सही बताती है। गोयल ने राहुल गांधी से 10 सवाल करते हुए उन्हें वोट चोरी के आरोपों के सबूत देने और चुनाव आयोग के सामने हलफनामा दाखिल करने की चुनौती दी।

वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा क्यों नहीं? : राहुल हर दिन वोट चोरी की बात करते हैं। चुनाव आयोग की आलोचना करते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के सामने एक भी हलफनामा दाखिल नहीं किया। अगर उनके पास सबूत हैं, तो उन्हें सामने रखें और शपथ लेकर अपने आरोपों की पुष्टि करें।

बिहार में एसआईआर के दौरान चुप क्यों रहे? : अगर एसआईआर इतनी बड़ी समस्या थी, तो बिहार में इसके दौरान राहुल गांधी चुप क्यों रहे? उन्होंने तब आवाज क्यों नहीं उठाई? तमिलनाडु और बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस ने नाम जोड़ने या हटाने के लिए एक भी दावा क्यों दाखिल नहीं किया?

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सवाल क्यों?: पहले सरकार ही चुनाव आयुक्तों को नियुक्त करती थी। किसी से सलाह या चर्चा नहीं होती थी। 2023 में पीएम मोदी की सरकार एक नया कानून लेकर आई। अब प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष मिलकर तय करते हैं कि कौन चुनाव आयुक्त और कौन मुख्य चुनाव आयुक्त बनेगा।

राहुल पर दागे 10 सवाल, वोट चोरी के मांगे सबूत



कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर की तारीफ क्यों की? : अगर कांग्रेस को सच में लगता है कि एसआईआर में गड़बड़ी हुई है, तो थरूर, रमेश चेन्निथला ने एसआईआर को लेकर बयान दिए।

टीकाराम मीणा को कांग्रेस की समिति में जगह क्यों मिली?: केरल के पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी टीकाराम मीणा को बाद में राजस्थान में कांग्रेस की घोषणापत्र समिति में शामिल किया गया और पार्टी का सदस्य बनाया गया।

रतन यू. केलकर को मुख्यमंत्री का सचिव क्यों बनाया गया? : रतन यू. केलकर केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी थे। मई 2026 के चुनाव के एक महीने के भीतर उन्हें मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन का सचिव नियुक्त कर दिया गया। क्या यह राजनीतिक लेन-देन नहीं है? क्या यह संदेश नहीं है कि चुनाव में हमारी मदद करो और हम तुम्हें पद दे देंगे?


सीईसी रहते एमएस गिल को पद्म विभूषण देना क्या रिश्वत थी? : एमएस गिल 1996 से 2001 तक पांच साल मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। साल 2000 में, जब वह मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर थे, तब उन्हें देश का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान दिया गया। क्या यह एक तरह की रिश्वत नहीं थी?

ममता बनर्जी को लेकर कांग्रेस का रुख क्या है? : राहुल और उनके साथी ममता बनर्जी को गालियां देते हैं और उनके खिलाफ चुनाव लड़ते हैं। वे आरोप लगाते हैं कि ममता बनर्जी की गलतियों और गड़बड़ियों ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का रास्ता खोल दिया।

आरके त्रिवेदी को राज्यपाल और टीएन शेषन को टिकट क्यों दिया गया? : आरके त्रिवेदी का मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यकाल 31 दिसंबर 1985 को समाप्त हुआ। 26 फरवरी 1986 को राजीव गांधी की कांग्रेस सरकार ने उन्हें गुजरात का राज्यपाल नियुक्त कर दिया। कांग्रेस टीएन शेषन की तारीफ करती थी, लेकिन 1999 में पार्टी ने उन्हें लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया। क्या यह उन्हें पुरस्कृत करने जैसा नहीं था?

नवीन चावला की नियुक्ति को लेकर सवाल क्यों उठे? : 2005 के अखबारों और टीवी फुटेज में कहा गया था कि सोनिया गांधी ने नवीन चावला को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया। सोनिया गांधी के पास कोई सरकारी पद नहीं था, तो वह किस हैसियत से तय कर रही थीं कि किसे कौन-सा पद दिया जाए?

खबर संक्षेप




इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 31 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर में 38,306 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो पिछले महीने के 29,329 करोड़ रुपये की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लगातार बिकवाली के बावजूद निवेशकों ने मझोली एवं छोटी कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित योजनाओं में पैसा लगाना जारी रखा।

आईजीएक्स को आईपीओ के लिए सेबी की हरी झंडी

नई दिल्ली। देश के पहले ऑनलाइन डिलिवरी आधारित प्राकृतिक गैस कारोबार मंच इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड (आईजीएक्स) को सोमवार को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। नियामक के एक अद्यतन विवरण से यह जानकारी दी गई है। कंपनी के दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसके तहत प्रवर्तक इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड (आईईएक्स) आईजीएक्स के 1.67 करोड़ तक इक्विटी शेयर बेचेगी।



केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, रुपए के उतार-चढ़ाव पर होगी नजर

बाहरी कारणों से रुपये में आई गिरावट, आरबीआई जारी रखेगा उतार-चढ़ाव रोकने के प्रयास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले डेढ़ साल में रुपये के मूल्य में बाहरी कारकों के चलते काफी गिरावट आई है और घरेलू मुद्रा में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने प्रयास जारी रखेगा। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार सहित भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा है। उन्होंने यहां 'ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम 2026' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''मुझे भरोसा है कि आरबीआई रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए आगे भी कदम उठाएगा।''

- वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले निचले स्तर पर

खास बातें

- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सहित आर्थिक बुनियाद काफी मजबूत
- आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा



बजट की तैयारी शुरू हो चुकी है

प्रतिभूति बाजार में करों के बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा कि प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर में बदलाव को लेकर चर्चा होना अच्छा है और वह इस संबंध में दिए जा रहे सुझावों को गंभीरता से सुनेंगी। उन्होंने कहा, ''हम बजट के काफी करीब हैं और इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। मेरे लिए यह बताने का सबसे अच्छा समय नहीं है कि मैं किन प्रस्तावों पर विचार करूंगी और किन पर नहीं।''

बजट अगले वर्ष 1 अप्रैल से होगा शुरू

वित्त मंत्री ने कहा कि दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर ऐसा विषय है जिस पर कई लोग अपनी राय रख रहे हैं। भारत और विदेश में निवेशकों के साथ हुई बातचीत में भी यह मुद्दा उठा है। उन्होंने कहा, ''इस विषय पर चर्चा होना अच्छी बात है और मैं इन विचारों को गंभीरता से सुनूंगी।'' वित्त वर्ष 2027-28 का केंद्रीय बजट अगले साल एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है।

रुपया अपना स्तर खुद ही तय करें

रुपये में गिरावट के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि आरबीआई अपने उपायों के जरिये रुपये के मूल्य का कोई निश्चित स्तर तय करने के बजाय उसमें अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, ''आरबीआई के ये प्रयास जारी रहेंगे। हालांकि, उसका उद्देश्य रुपये का मूल्य तय करना नहीं है। हम चाहेंगे कि रुपया अपना स्तर खुद ही तय करे।'' रुपये में गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक ने सप्ताहांत में कई उपायों की घोषणा की थी।

रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश के लिए सख्त नियम


केंद्रीय बैंक ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए एक विशेष सुविधा बनाने की घोषणा की, जिससे डॉलर की उनकी मांग हाजिर बाजार से हट सकेगी। इसके अलावा, रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव कारोबार के नियम सख्त किए गए हैं। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई के हालिया उपायों से रुपये को समर्थन मिला है।

देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा

सोमवार को रुपये के मूल्य में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि मंगलवार को शुरुआती कारोबार में यह मजबूत होकर 94.96 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भारत के आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है। रुपये में पिछले डेढ़ साल के दौरान काफी गिरावट आई है, जिसकी मुख्य वजह बाहरी चुनौतियां हैं।

आईटी, बैंक शेयरों में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

सेंसेक्स 1,109 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,720 अंक के ऊपर बंद हुआ



भाषा ▶▶ मुंबई

डॉलर के मुकाबले रुपये में सुधार और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर के बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की टिप्पणी से बनी सकारात्मक धारणा से घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को जोरदार वापसी की। सेंसेक्स 1,109 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 22,720 अंक के ऊपर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्तीय और दैनिक उपयोग के उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से भी घरेलू बाजार में निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,109.10 अंक यानी 1.54 प्रतिशत चढ़कर 73,033.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,120.99 अंक उछलकर 73,045.67 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स में यह किसी एकल कारोबारी सत्र की चार महीने की सबसे बड़ी बढ़त है। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 358.60 अंक यानी 1.60 प्रतिशत बढ़कर 22,721.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद सबसे अधिक 8.28 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर 6.59 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 4.90 प्रतिशत और इन्फोसिस का भी शेयर 4.44 प्रतिशत चढ़ गया।

रुपये में मजबूती से सोना 400 रुपये टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रुपये में मजबूती के कारण घरेलू सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 400 रुपये टूटकर 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के बंद भाव 1,53,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 400 रुपये घटकर 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। चांदी की कीमत भी 500 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। सोमवार को इसका भाव 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। रुपया लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 40 पैसे की बढ़त के साथ 95.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विभिन्न उपायों से हाजिर बाजार में डॉलर की मांग कम होने और विदेशी मुद्रा बाजार में अत्यधिक सौदेबाजी पर अंकुश लगने से रुपये को समर्थन मिला।

- सोना टूटकर 1,52,600 रुपये प्रति दस ग्राम



वैश्विक बाजार में सोना मामूली बढ़ा

कारोबारियों के अनुसार, रुपये की मजबूती से डॉलर मूल्य में सोने के आयात की लागत घटती है, जिससे घरेलू बाजार में इसकी कीमतों पर दबाव पड़ता है। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,184.73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी का भाव लगभग स्थिर रहकर 60.33 डॉलर प्रति औंस पर था।

रुपया 40 पैसे मजबूत होकर 95.38 प्रति डॉलर

मुंबई। रुपये में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 40 पैसे मजबूत होकर 95.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। आरबीआई के हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटाने और विदेशी मुद्रा बाजार में अत्यधिक कारोबार को नियंत्रित करने के मकसद से उठाए गए विभिन्न कदमों से रुपये को समर्थन मिला। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए नामित बैंकों के जरिये डॉलर उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था से हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

GOVT. SR. SEC. SCHOOL
Jatwara (Sonipat)
E-Mail: gsssjatwara@gmail.com

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि G.P.S. जटवाड़ा व G.S.S.S. में एक-एक पद कुक के लिए रिक्त हैं। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 24.10.2026 तक विद्यालय कार्यालय में अपनी Application जमा कराएं। विभागीय नियम एवं शर्तें, मौके पर बता दी जाएंगी। चयन प्रक्रिया 27.10.2026 को की जाएगी।

Sd/-Principal
Govt. S.S. School
Jatwara-3468 (SNP)

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Himani
Civil Judge (Junior Division), Sonipat
MANISH GUPTA proprietor of M/s capital sales corporation
Vs.
M/S S.K. POULTRY FARM
CNR No. HRSO02-001431-2026
Next Date:- 10-11-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
1. M/S S.K. PCULTRY FARM R/o 41/4, bahalgarh road, near HP petrol pump, sonipat
2. Sanjeet Khatri, Proprietor/Partner of M/s S.K Poultry Farm R/o h. no. 782, A/13, Sikka Colony, near gujari hospital, sonipat. MO 9050004368
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 10-11-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Sonipat
Dated, this day of 13-10-2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti, Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Anil Kumar
Vs.
General Public
Prayed for a decree, as mention in the plaint, may kindly be passed in favour of the plaintiff against the defendant in the interest of justice.
CNR No. HRSO02-000172-2025
Next Date:- 18-11-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
General Public Sonipat Haryana
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 18-11-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge
(Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 13-10-2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti, Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Sarva Haryana Gramin Bank
Vs.
Vijay Kumar
CNR No. HRSO02-001818-2023
Next Date:- 08-01-2027
It is, therefore, most respectfully prayed that this Court may kindly be pleased to
a. Pass a decree for recovery in favour of the plaintiff and against the defendants for a sum of Rs. 10,10,241/- alongwith pendentlite and future interest @ 11.3 percent p.a. from 01/09/2023 till its realization.
b. The cost of the suit may also be awarded in favour of the plaintiff and against the defendants.
Any other relief which this Court deems fit and proper, in the facts and circumstances of the present case, may also be granted in favour of plaintiff and against the defendants.
PUBLICATION ISSUED TO:
Vijay Kumar S/o Sh. Ramesh Kumar R/o-VPO Joshi Chauhan, Tehsil and Distt. Sonipat
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defencant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 08-01-2027 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge
(Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 13-10-2026

RAJASTHAN TECHNICAL UNIVERSITY, KOTA
Rawatbhata road, Akelgarh Kota-324010
No. RTU/Project/AAI-KOTA-HISAR/2026/Phase-1 Date: 12.10.2026

ADVERTISEMENT NOTICE

Applications are invited from eligible candidates for engagement on a purely contractual basis for the following project positions at **New Greenfield Airport at Kota** and **Hisar Airport (Maharaja Agrasen International Airport), Hisar (Haryana):-**

Position/Expert	Project Location	Qualification/Experience	No.
Team Leader(Civil/ Structural Engineer)	Kota	Degree in Civil Engineering with 15 years' experience of Civil works including quality control of Civil works/finishing items and pavement works	1
	Hisar		1
Geo-Tech/ Foundation Engineer	Kota	Degree in Civil Engineering with 15 years' experience of Civil works including pavement works	1
	Hisar		1

The last date of application is **25.10.2026** and tentative date of interview would be **28.10.2026** for Kota Project and **30.10.2026** for Hisar project. For further details of process and application form please visit our website **www.rtu.ac.in.**
DEAN III & IR

उत्तर रेलवे
ई–टेंडरिंग
खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी.–11/2026–27 दिनांक 12/10/2026
सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का नाम	लगभग लागत (रू)	बोली प्रतिभूति (रू)
1	30–विद्युत–11/2026–27(ओपन टेंडर)	अम्बाला डिवीजन के अंतर्गत कंट्रोल ऑफिस अंबाला और डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल अंबाला में फायर फाइटिंग की व्यवस्था करके सर्विस बिल्डिंग को बेहतर बनाने से संबंधित विधुतीय कार्य।	Rs. 2,50,88,140.86	Rs. 5,01,800.00
2	30–विद्युत–12/2026–27(ओपन टेंडर)	अंबाला डिवीजन के अंतर्गत नॉन–इंटरलॉक L–क्रॉसिंग गेट्स (TVU 10,000 से 20,000 के बीच) पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट बनाने; रायपुर हरियाणा रेलवे स्टेशन पर रैंप के साथ FOB बनाने; SBJ (सरायबंजारा) रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर चौड़ा FOB (फुट ओवर ब्रिज) बनाने; जमालपुर शेखन, लेहरा गागा और हिम्मतना में मौजूदा प्लेटफॉर्म को ऊँचा करने और उनका विस्तार करने; अबोहर में RPF आउटपोस्ट के लिए फर्नीचर और बिजली के काम के साथ 10 बेड वाली नई बैरक बनाने; अंबाला डिवीजन में ART- ARME और SPART/SPARMV में पेट्रोल से स्टार्ट और चलने वाले पोर्टेबल जनरेटर सेट उपलब्ध कराने; और अंबाला डिवीजन में बठिंडा में ART के रखरखाव के लिए ART साइडिंग पर पिट लाइट्स लगाकर बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने हेतु विद्युतीय कार्य	Rs. 1,75,52,591.69	Rs. 3,51,100.00

पूर्ण होने की अवधि 06 महीने | बंद करने और खुलने की तिथि 03.11.2026
1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें / 5)जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3556/26

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

नीता अंबानी की पहलः दृष्टिबाधितों के लिए अब हर सप्ताह आएगा ब्रेल अखबार

मुंबई। दृष्टिबाधित लोगों तक खबरें और जरूरी जानकारियां पहुंचाने के लिए रिलायंस फाउंडेशन के दृष्टि कार्यक्रम के तहत प्रकाशित होने वाले हिंदी और मराठी के ब्रेल अखबार अब पाक्षिक के बजाय साप्ताहिक होंगे। यानी पाठकों को अब हर सप्ताह देश-दुनिया की खबरें पढ़ने का मौका मिलेगा। रिलायंस फाउंडेशन इन अखबारों का प्रकाशन नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) इंडिया के साथ मिलकर करता है। इन अखबारों के पाठकों की संख्या 30 हजार से अधिक है।रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी दृष्टिबाधित लोगों की मदद और उन्हें बेहतर अवसर देने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। इसी साल जनवरी में उन्होंने मुंबई में एनएबी इंडिया के 75वें स्थापना दिवस समारोह में फाउंडेशन की ओर से पांच करोड़ रुपये की सहायता देने की घोषणा की थी। ब्रेल अखबारों का साप्ताहिक प्रकाशन इसी पहल का हिस्सा है। इससे दृष्टिबाधित लोगों को खबरों और जरूरी जानकारियों तक नियमित पहुंच मिलेगी। वे देश-दुनिया की घटनाओं से बेहतर तरीके से जुड़ सकेंगे।रिलायंस फाउंडेशन दृष्टि कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2003 में हुई थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को आंखों की बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना और दृष्टिबाधित लोगों के जीवन को आसान बनाना है। कार्यक्रम के तहत मुफ्त आंखों की जांच, कॉर्निया प्रत्यारोपण और चश्मे उपलब्ध कराने जैसे काम किए जाते हैं। इन सेवाओं के लिए फाउंडेशन ने एनएबी इंडिया, शंकरा आई फाउंडेशन और अरविंद आई केयर सिस्टम के साथ साझेदारी की है।फाउंडेशन के अनुसार, दृष्टि कार्यक्रम के जरिए अब तक दो लाख से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाई जा चुकी है। इसके तहत 22,500 से अधिक लोगों की आंखों की रोशनी लौटाने में भी मदद मिली है।



एलआईसी ने तीन नई बीमा योजनाएं कीं पेश, 19 अक्टूबर से होंगी उपलब्ध

मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ग्राहकों की वित्तीय और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तीन नई बीमा योजनाएं पेश की हैं। एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दोराईस्वामी ने मंगलवार को नई जीवन धारा-II (योजना 892), हेल्थ शील्ड (योजना 907) और न्यू कैंसर कवर (योजना 908) का शुभारंभ किया। ये तीनों योजनाएं 19 अक्टूबर 2026 से खरीद के लिए उपलब्ध होंगी। एलआईसी की नई जीवन धारा-II योजना सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा और नियमित आय प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसमें स्थगन अवधि पूरी होने के बाद जीवनभर वार्षिकी भुगतान की सुविधा मिलेगी। पॉलिसी शुरू करते समय वार्षिकी दरें गारंटीकृत होंगी। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार नियमित या एकल प्रीमियम, एकल जीवन या संयुक्त जीवन वार्षिकी के विकल्प चुन सकेंगे। इस योजना में स्थगन अवधि के दौरान अतिरिक्त प्रीमियम देकर अतिरिक्त वार्षिकी प्राप्त करने की सुविधा भी दी गई है।



राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृष आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

मिथुन आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

कर्क परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

तुला स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


धनु मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

मकर आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

कुंभ खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

मीन कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

शब्द पहेली - 6377




■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँसेदाए±
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

ऊपर से नीचे
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

शब्द पहेली -6376 का हल

क	क	■	ज	प	■	त	न	■	शा	न
प	त	न	■	ल	त	■	भ	ला	■	शा
■	वा	न	र	■	म	ल	■	ज	रा	■
फि	■	द	म	न	■	क	द	■	ज	न
दा	दा	■	ल	क	वा	■	म	स्त	■	ख
■	न	या	■	ल	च	क	■	र	थ	■
रा	■	क	ल	■	क	ल	म	■	ल	ब
ही	र	■	हू	र	■	ह	म	ल	■	ल
■	स	जा	■	जा	ल	■	ता	ड़	ना	■
य	■	म	त	■	व	ध	■	ना	का	रा
म	य	■	ल	क्ष	■	न	ल	■	म	जा



खबर संक्षेप

महाराष्ट्र के नासिक कुंभ मेला स्थल के पास भूजल में कैंसर के सैंपल

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में इस बार कुंभ होने जा रहा है। इस इलाके में भूजल में हेक्सावेलेंट क्रोमियम की मात्रा तय सीमा से लगभग 1,000 गुना ज़्यादा पाई गई है। इसके बाद उद्योगों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई शुरू की गई है और अगले साल होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले से पहले लोगों की सेहत और पानी की सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि अंबाद इंडस्ट्रियल एरिया के पास दत्ता नगर से लिए गए सैंपल में क्रोमियम की मात्रा 50.3 मिलीग्राम प्रति लीटर पाई गई।

ईडी ने मान के ओएसडी पर केस दर्ज किया

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसड राजबीर घुम्मन पर ईडी ने जालंधर में केस दर्ज कर लिया है। ईडी इस पूरे मामले में मनी लॉन्ड्रिंग और पैसों के लेन-देन के एंगल से छानबीन करेगी। एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने घुम्मन की गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। कुछ दिन पहले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। इसमें ओएसडी राजबीर सिंह समेत अन्य लोगों पर आरोप है कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय में ट्रांसफर-पोस्टिंग और नीतिगत मामलों में दखल देकर कथित भ्रष्टाचार कर रहे थे।



अमृतसर: प्राइवेट बैंक के मैनेजर को गोली मारी

अमृतसर । अमृतसर में बैंक मैनेजर को गोली मारी गई है। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक रुपयों के लेन-देन के विवाद में बहस हुई, जिसके बाद हाथापाई के दौरान गोली चल गई। पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस बैंक का फुटेज भी खंगाल रही है। यह मामला अमृतसर के मॉल रोड स्थित यस बैंक का है। बुधवार दोपहर यहां कुछ लोग पहुंचे। उनका बैंक में किसी तरह के लेन-देन को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान मामला बैंक के मैनेजर तक पहुंच गया। दोनों पक्षों में वहां बहस हो गई।

15,890 दुर्लभ पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार के 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत 15,000 से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया गया है। राज्य के छह संस्थानों में 7.56 लाख से अधिक पृष्ठों को स्कैन किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार के अनुसार, सितंबर 2026 तक 15,890 पांडुलिपियों के कुल 7,56,392 पृष्ठों को स्कैन किया गया और 14,594 पांडुलिपियों का मेटाडेटा तैयार किया गया है जबकि 14,208 रिकॉर्ड डिजिटल रूप से अपलोड किए गए हैं।

सारंग ने प्रदर्शन से पहले पूर्वाभ्यास कर दिया शुरू

बरेली (उप्र)। बरेली में बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध हेलीकॉप्टर प्रदर्शन टीम 'सारंग' ने प्रदर्शन से पहले पूर्वाभ्यास शुरू कर दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पूर्वाभ्यास में टीम के तालमेल वाले हवाई करतबों और पास-पास रहकर किए जाने वाले हवाई करतबों की तैयारी शामिल थी।

छात्र नहीं तो पौड़ी में 40 स्कूलों पर लगाए ताले

पौड़ी। जिले में लगातार घटती छात्र संख्या का असर सरकारी स्कूलों पर साफ दिखाई देने लगा है। वित्तीय वर्ष विभिन्न विकासखंडों के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में छात्र संख्या शून्य होने के कारण जिले के 40 स्कूलों में ताले लटक गए हैं। इनमें प्राथमिक के 32 और उच्च प्राथमिक के 8 विद्यालय शामिल हैं। शिक्षा विभाग के मुताबिक जिले में संचालित 1297 प्राथमिक विद्यालयों में से 32 ऐसे हैं जहां नए शैक्षणिक सत्र में एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया जबकि 231 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 8 विद्यालयों में छात्र संख्या शून्य दर्ज की गई।

तीन साल तक बचाकर रखे 10 के सिक्कों से खरीदा स्कूटर

भाषा ▶▶| हैदराबाद

रोजमर्रा के लेनदेन से बचाए थे सिक्के

एक लाख 23 हजार का किया भुगतान

तेलंगाना के मंचेरियल जिले में एक व्यक्ति ने तीन साल तक बचाकर रखे 10 रुपये के सिक्कों से एक लाख 23 हजार रुपये का होंडा एक्टिवा स्कूटर खरीदा। लक्षेट्टीपेट निवासी बी रवि जोसेफ ने बताया कि उन्होंने परिवार के लिए कोई उपयोगी चीज खरीदने के उद्देश्य से रोजमर्रा के लेनदेन, जैसे किराने का सामान खरीदने के दौरान मिले 10 रुपये के सिक्कों को सावधानीपूर्वक बचाकर रखा। उन्होंने कहा कि शुरुआत में परिवार के सदस्यों को उनके इस विचार पर संदेह था, लेकिन बाद में उन्होंने उनका साथ दिया।



रवि जोसेफ ने बताया कि उनका पुराना वाहन खराब होने लगा था, जिसके बाद उन्होंने नया स्कूटर खरीदने का फैसला किया। शोरूम के प्रबंधक ने बताया कि रवि जोसेफ करीब 15 दिन पहले यह पता करने आए थे कि क्या शोरूम स्कूटर के भुगतान के लिए सिक्के स्वीकार करेगा। प्रबंधक के अनुसार, शोरूम ने सिक्के स्वीकार करने पर सहमति जताई। प्रबंधक ने बताया कि इसके बाद रवि जोसेफ एक लाख 23 हजार रुपये के 10 रुपये के सिक्के लेकर शोरूम पहुंचे और स्कूटर खरीदा ।

हमने दुनिया को सस्ती दवाएं व टैलेंट दिया

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम को किया संबोधित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सस्ती दवाओं से लेकर प्रतिभा तक, दुनिया भारत पर भरोसा करती है। भारत ने दुनिया को शून्य दिया, लेकिन कभी इसका श्रेय या रॉयल्टी नहीं मांगी। दिल्ली में पहली बार हो रहे ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में मोदी ने 25 मिनट स्पीच दी। कहा कि भारत की ताकत दूसरों को सक्षम बनाने में है। उन्होंने डिजिटल तकनीक, वैक्सीन सप्लाई, आर्थिक सुधारों और वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भारत की भूमिका का जिक्र किया। तीन दिन का यह कार्यक्रम 15 अक्टूबर को खत्म होगा। इस साल फोरम की थीम 'बदलती दुनिया में ताकत के नए स्रोत तय करना' है।



दूसरों को सक्षम बनाएं: ज्ञान, धन और शक्ति का महत्व इस बात में है कि उनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाता है। भारत दूसरों के लिए अवसर पैदा करने और देशों को जोड़ने में विश्वास रखता है।

100 देशों में वैक्सीन सप्लाई की कोविड के दौरान भारत ने 100 से ज्यादा देशों में वैक्सीन पहुंचाई। भारत क्षमताओं का इस्तेमाल पूरी मानवता के फायदे के लिए करना चाहता है।

एआई ने तरीका बदल रहा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ सप्लाई चेन, ऊर्जा, खनिज और तकनीक भी देशों के बीच दबाव बनाने के साधन बन रहे हैं। दुनिया को भरोसेमंद साझेदारों की जरूरत है। सरकार का उद्देश्य लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करना है। उन्होंने दावा किया कि पिछले एक दशक में भारत ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। स्टार्टअप के मौके छोटे शहरों तक पहुंचे हैं।

सस्ते मोबाइल डेटा से बढ़े अवसर

आर्थिक सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की विकास दर 7.8% रही और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से ज्यादा है। कारोबार को आसान बनाना और सुधार करना सरकार की प्रतिबद्धता है। 2014 के बाद मोबाइल डेटा सस्ता हुआ है। इससे छोटे शहरों और कस्बों के छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई, जानकारी और रोजगार से जुड़े नए अवसरों तक पहुंच मिली है। देश में भ्रष्टाचार कम हुआ है।

पंजाब के मानसा की घटना, समर्थकों में आक्रोश

नशा विरोधी एक्टिविस्ट की गोली मारकर हत्या



मेडिकल स्टोर मालिक अश्विनी से बहस हुई

एजेंसी ▶▶| मानसा

पंजाब के मानसा में एंटी ड्रग टास्क फोर्स के संचालक परविंदर सिंह झोटा की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। नशा बेचने का विरोध करने को लेकर नशा विरोधी एक्टिविस्ट झोटा की मेडिकल स्टोर मालिक अश्विनी से बहस हुई। इसी दौरान अश्विनी ने उन्हें तीन गोलियां मार दीं। उनके चार साथियों को भी गोली लगी है। जब झोटा को साथी ले जाने लगे तो मेडिकल स्टोर मालिक हाथ में पिस्टल लिए पीछे भी जाता दिखा। कुछ देर बाद वह मेडिकल स्टोर बंद कर वहां से फरार हो गया। मानसा के एसएसपी वैभव चौधरी ने कहा कि कातिल की तलाश की जा रही है। झोटा के कत्ल से उनके समर्थक व परिजन सिविल अस्पताल के बाहर इकट्ठा हो गए।

अकाल तख्त के जत्थेदार ने हत्या की निंदा की



उन्होंने मानसा शहर बंद का ऐलान किया और अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। वह झोटा की लाश मांग रहे हैं, जबकि पुलिस उन्हें शव नहीं दे रही। वहीं, सीएम भगवंत मान ने सभी जिलों के डीसी और एसएसपी की हाई लेवल मीटिंग बुला ली है। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने मंगलवार को पंजाब के मानसा में मादक पदार्थों विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या की निंदा की।

यह है पूरा मामला

बताया जा रहा है कि मानसा में लगातार एंटी ड्रग मूवमेंट चला रहे झोंटा ने साल 2023 में इसी मेडिकल स्टोर संचालक को जूतों की माला पहनाकर घुमाया था। उस वक्त भी मामला नशे के विरुद्ध अभियान का ही था। झोटा ने मेडिकल स्टोर पर लगातार नशे का कारोबार करने का आरोप लगाया था और संचालक को जूतों की माला पहनाकर पूरे शहर में घुमाया था, ताकि वह आगे से ऐसा कोई काम न करे, लेकिन सुधरने के बजाय इस घटना को अपमान का घूंट मझकर पीने वाले मेडिकल स्टोर संचालक ने वारदात को अंजाम दे दिया।

ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा ही हमारा मिशन : राहुल

- वोट के साथ धरनास्थल भी चोरी हो रहे, हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा, सीईसी को सजा जरूर मिलेगी
- देश में लोकतंत्र को बर्बाद किया जा रहा, यह लड़ाई अलग-अलग नहीं, बल्कि एक ही आंदोलन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद विपक्षी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी ने कहा कि देश में लोकतंत्र को बर्बाद किया जा रहा है और यह लड़ाई अलग-अलग नहीं, बल्कि एक ही आंदोलन है।

उन्होंने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश का इस्तीफा हमारा मिशन है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वोट चोरी के प्लान को उजागर करने के लिए विपक्ष एक साथ है। तेजस्वी यादव, सुप्रिया सुले सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने आरोप लगाया कि वोट के साथ अब धरनास्थल भी छीने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आम लोगों के अधिकारों की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के लिए आंदोलन जारी रहेगा। राहुल ने अपने आवास पर विपक्षी नेताओं और छात्र संगठनों को चाय पर चर्चा के लिए बुलाया था। बैठक में ज्ञानेश कुमार और एसआईआर के विरोध में आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा हुई। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि वह अपनी लड़ाई जारी रखेगा। इसके लिए हम एकजुट हैं।

हमारा संघर्ष नहीं रुकेगा, जीत हासिल होगी

राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष का संघर्ष जारी रहेगा और वह अपने लक्ष्य तक पहुंचकर रहेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कल, परसों या दो साल भी लग जाएं, उनकी टीम रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहाकि जिस ऊर्जा, ताकत और एकजुटता के साथ हमने आंदोलन किया है, उसी भावना के साथ मिलकर लड़ते रहेंगे।

भाजपा महिला सांसद राष्ट्रपति से मिलीं

जेएनयू से बर्खास्त सांसद के मामले पर दखल की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 11 छात्राओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

जेएनयू में 11 छात्राओं की ओर से यौन उत्पीड़न की शिकायतों के बाद प्रोफेसर पद से हटाए गए कांग्रेस सांसद आंगोमचा बिमोल आकोइजाम के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है।

मंगलवार को भाजपा की महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर आकोइजाम को लोकसभा से निलंबित करने और शिकायतकर्ता महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी के मुताबिक, राष्ट्रपति ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। सांसद बिमोल अकोइजाम को 9 अक्टूबर को बर्खास्त कर दिया था। यूनिवर्सिटी ने उन्हें 11 छात्राओं के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया। बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू की गई है।

यह कार्रवाई यूनिवर्सिटी की इंटरनल कमेटी (आईसी) की जांच के निष्कर्षों के आधार पर की गई।

बॉम्बे आईआईटी सुसाइड प्रकरण

नकल करते पकड़े जाने पर साहिल ने माफी मांगी थी

- दूसरा मौका देने को भी कहा था : जांच में दावा

मुंबई। आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे ने परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने के बाद संस्थान को लिखित माफी दी थी। पुलिस के मुताबिक, साहिल ने माना था कि उसने परीक्षा की अच्छी तैयारी नहीं की थी। उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए दूसरा मौका देने की मांग की थी। मुंबई क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आईआईटी बॉम्बे के डायरेक्टर शिरीष केदारे और प्रोफेसर सूर्यनारायण दुल्ला समेत 40 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए हैं। साहिल के पिता रवींद्र ने आरोप लगाया कि उनके बेटे ने संस्थान में बार-बार जातिगत भेदभाव का सामना करने की बात बताई थी। बेटे को प्रताड़ित करने वालों को जेल में डालना चाहिए। 22 साल का साहिल आईआईटी बॉम्बे के एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में बीटेक सेकेंड ईयर का छात्र था।

राहुल गांधी पर मानहानि केस की सुनवाई रुकी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी। कांग्रेस नेता गांधी के खिलाफ महाराष्ट्र की अदालत में उनके कथित एक बयान से जुड़ा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की अपील पर महाराष्ट्र सरकार और शिकायतकर्ता व भाजपा नेता महेश श्रीश्रीमाल को नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया है। पीठ ने सभी पक्षकारों को 4 सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाईकोर्ट के 8 सितंबर के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें मानहानि के मामले को रद्द की मांग को लेकर दाखिल उनकी याचिका को खारिज कर दी गई थी।



मोदी पर राफेल सौदे को लेकर कथित टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले सुको में सुनवाई

सीएम मान के पूर्व ओएसडी मनजीत कांग्रेस में शामिल



चंडीगढ़। पंजाब के सीएम भगवंत मान के पूर्व ओएसडी मनजीत सिद्धू ने कांग्रेस जॉइन कर ली है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह ने चंडीगढ़ में उन्हें कांग्रेस जॉइन कराई। सिद्धू सीएम मान के लंबे समय तक करीबी सहयोगी भी रह चुके हैं। मान ने जनवरी 2023 में उन्हें ओएसडी नियुक्त किया था। नवंबर 2023 में मनजीत सिद्धू ने मुख्यमंत्री के ओएसडी पद से इस्तीफा दे दिया था। इसको लेकर उनकी किसी अफसर से विवाद की चर्चा रही लेकिन सरकार ने उसे खारिज कर दिया था। परगट सिंह ने सिद्धू के कांग्रेस में शामिल होने को आप के खिलाफ कांग्रेस की पहली बड़ी कामयाबी बताया। मनजीत पहले पेशे से पत्रकार रह चुके हैं।

एसआईआर के खिलाफ विपक्ष की याचिका में मिलीं खामियां

सुको रजिस्ट्री ने बताया कोर्ट फीस 220 रुपये कम दी पेज गायब, खड़गे की आईडी धुंधली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव समेत 11 विपक्षी नेताओं की ओर से दायर एसआईआर याचिका में करीब 14 खामियां बताई हैं। यह याचिका एसआईआर में बड़े पैमाने पर नाम हटाने और गड़बड़ियों के आरोपों से जुड़ी है। इन खामियों के कारण मंगलवार को याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, रजिस्ट्री ने याचिका के साथ जमा किए गए दस्तावेजों में भी खामियां बताईं। कुछ पन्ने पढ़ने लायक नहीं हैं, जबकि कुछ पन्ने गायब हैं। इसके अलावा, कोर्ट फीस भी 220 रुपये कम जमा की गई है। रजिस्ट्री ने कुल 14 खामियां दर्ज की हैं। रजिस्ट्री ने कहा है कि याचिका दाखिल करने वाले वकील से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पहचान पत्र (आईडी कार्ड) की साफ कॉपी मांगी है। इसके अलावा, 9 याचिकाकर्ताओं से याचिका दायर करने के लिए लिखित सहमति भी मांगी है। 12 अक्टूबर को दायर याचिका में भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और अन्य चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी को पक्षकार बनाया गया है।

मार्च के खिलाफ चार एफआईआर

सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकालने के मामले में दिल्ली पुलिस ने 4 एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ये केस कनॉट प्लेस, बाराखंभा रोड, तिलक मार्ग और मंदिर मार्ग थाने में दर्ज किए गए हैं।

एलओपी के घर पर विपक्षी नेताओं की चाय पार्टी

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के घर पर मंगलवार शाम को विपक्षी नेताओं की चाय पार्टी हुई। इसमें आंदलन की आगामी रणनीति तय की गई। इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद राहुल ने कहा कि विपक्ष जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से रोकने के फैसले को चुनौती देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लोकतंत्र और चुनाव व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया गया है। राहुल ने कहा कि पूरा विपक्ष एकजुट है और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका के साथ जनता का संघर्ष लोकतंत्र बहाल होने तक जारी रहेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम यहां एकजुट होकर खड़े हैं। यह अलग-अलग नहीं, एक ही आंदोलन है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि जिस तरह हमने ऊर्जा, ताकत और एकता के साथ एकजुट होकर काम किया, उसी तरह हम आगे भी मिलकर लड़ते रहेंगे... हम सुप्रीम कोर्ट, भारत के मुख्य न्यायाधीश और भारत की न्याय प्रणाली का बहुत सम्मान करते हैं।

केरलम सरकार ने देश का पहला वृद्धजन देखभाल बिल पेश किया

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। केरलम मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों को दुर्व्यवहार और शोषण से बचाने, वृद्ध देखभाल केंद्रों को विनियमित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा तक उनकी बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापक विधेयक पेश करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। मुख्यमंत्री वी डी सतीशन ने वृद्धों की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कानूनी ढांचा बनाने के लिए 'केरलम वरिष्ठ नागरिक (देखभाल और अधिकारों का संरक्षण) विधेयक, 2026' विधानसभा में पेश किया। उन्होंने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यदि यह पारित हो जाता है, तो केरलम वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए इस तरह का व्यापक कानून लाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।



एआईडीएमके को झटका 6 विधायकों के इस्तीफे पर हाईकोर्ट की मुहर

चेन्नई। मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु में एआईडीएमके को झटका देते हुए उन छह विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को बरकरार रखा है, जो बाद में एक्टर से मुख्यमंत्री बने सी. जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) में शामिल हो गए थे। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चार विधायकों के खिलाफ लंबित दल-बदल से जुड़ी अयोग्यता की कार्यवाही इस्तीफे स्वीकार होने के बाद भी जारी रहेगी। मद्रास हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन की पीठ ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष जे.सी.डी. प्रभाकर को निर्देश दिया कि चार विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता की कार्यवाही दो महीने के भीतर पूरी की जाए। कोर्ट ने कहा कि विधायक का इस्तीफा देना और दल-बदल कानून के तहत उसकी सदस्यता रद्द करने की कार्यवाही, दोनों अलग-अलग संवैधानिक प्रक्रियाएं हैं।



मुंबई तट के पास ओएनजीसी के तेल प्रतिष्ठान में आग से परिचालन ठप

नई दिल्ली (भाषा)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) के मुंबई तट के पास स्थित एक तेल प्रतिष्ठान में भीषण आग लगने के कारण उसका परिचालन बंद करना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोमवार सुबह एनक्यूजी प्रतिष्ठान के प्रोसेस गैस कंप्रेसर सी (पीजीसी-सी) में गैस कूलर का एक हिस्सा फटने के बाद आग लग गई। करीब एक घंटे तक आग बुझाने के प्रयासों के बाद उस पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारण प्रतिष्ठान का परिचालन बंद करना पड़ा। इस प्रतिष्ठान में समुद्र तल के नीचे स्थित कुंओं से निकाले गए कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया जाता था। यहां प्रतिदिन 40,000 बैरल से अधिक कच्चे तेल का प्रसंस्करण होता था। अधिकारी ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया के तहत आग लगने के बाद प्रतिष्ठान को बंद कर दिया गया था।

किसी के हताहत होने की खबर नहीं

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 3836/न.पा.नि. / लोनिवि / 26-27 अम्बिकापुर दिनांक 13/10/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम/द्वितीय) :-

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनान्तर्गत कम्पनी बाजार में वेडिंग जोन निर्माण, जोन क्रमांक 03 में भवन, नाली एवं अन्य निर्माण / मरम्मत संधारण, 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 34, 38 एवं 39 में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण के कार्य हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा तथा निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न जोनों में स्थित विद्यालयों में शौचालय (डीएमएफ) निर्माण कार्यों हेतु (System Tender No. 201434, 201444, 201436, 201455, 201460, 201463 & 201465) हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
अम्बिकापुर

चिंतन

त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

त्योहारों का मौसम व्यापारियों के लिए केवल बिक्री बढ़ने का अवसर नहीं, बल्कि सालभर की कमाई और आर्थिक स्थिरता का भी अहम समय होता है। ऐसे में कारोबार पर अतिरिक्त लागत का बोझ डालने वाले फैसले हों या सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बाजारों तक ग्राहकों की पहुंच बाधित हो, दोनों का सीधा असर व्यापार पर पड़ता है। यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला व्यापारियों के लिए फिलहाल राहत लेकर आया है। वहीं, दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने का मुद्दा हाईकोर्ट तक पहुंचना बताता है कि आर्थिक गतिविधियों को निर्बाध बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। यूपीआई देश में डिजिटल भुगतान की सबसे सहज व्यवस्थाओं में शामिल है। इसकी लोकप्रियता का आधार इसकी सरलता, त्वरित लेनदेन और अतिरिक्त शुल्क की चिंता के बिना भुगतान करने की सुविधा है। रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर बड़े कारोबारी तक, इस व्यवस्था ने डिजिटल अर्थव्यवस्था को व्यापक आधार दिया है। ऐसे में 2000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने का प्रस्ताव व्यापारियों के लिए नई लागत खड़ी करता है। भले ही यह शुल्क सीधे ग्राहक से नहीं, बल्कि निर्धारित शर्तों के तहत व्यापारी से लिया जाना हो, लेकिन कारोबार की लागत बढ़ने पर उसका अप्रत्यक्ष असर ग्राहकों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है। दिवाली तक शुल्क टालने से फिलहाल कारोबारियों को राहत मिली है। केवल समयसीमा आगे बढ़ा देना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यदि शुल्क लागू करने का प्रस्ताव बरकरार है, तो सरकार और संबंधित संस्थाओं को इसके औचित्य, वास्तविक लागत और छोटे कारोबारियों पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करना चाहिए। वहीं दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों के कारण कारोबार प्रभावित होने का मामला इस बहस का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी वालों और वकीलों की याचिकाओं पर हाईकोर्ट द्वारा केंद्र सरकार से जवाब मांगना बताता है कि राजधानी में प्रदर्शन और जनजीवन के बीच संतुलन का प्रश्न गंभीर हो चुका है। यातायात बाधित होने, बैरिकेडिंग और बाजारों तक पहुंच मुश्किल होने से व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। त्योहारों के दौरान होने वाली बिक्री अनेक छोटे कारोबारियों के लिए पूरे साल की आर्थिक जरूरतों से जुड़ी होती है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि उनके विरोध का असर केवल सरकार या संबंधित संस्था तक सीमित नहीं रहता; उसकी कीमत आम नागरिक, दुकानदार, कर्मचारी और रोज कमाकर खाने वाले लोग भी चुकाते हैं। त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत देने के लिए नीतिगत स्थिरता और निर्बाध कारोबारी माहौल दोनों जरूरी हैं। सरकार को शुल्क संबंधी प्रस्ताव पर पारदर्शी ढंग से पुनर्विचार करना चाहिए, जबकि राजनीतिक दलों और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध और व्यवस्था के बीच संतुलन बना रहे। आर्थिक गतिविधियों को नीतिगत अनिश्चितता और राजनीतिक टकराव की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। त्योहारों की असली रौनक तभी कायम रहेगी, जब बाजारों में ग्राहक बेझिझक पहुंच सकें, व्यापारी बिना अतिरिक्त दबाव के कारोबार कर सकें और लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल दूसरों की रोजी-रोटी बाधित किए बिना हो।

देश में लोकतंत्र बनाम अराजकता

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, किंतु विरोध के नाम पर देश को बंधक बनाने का अधिकार किसी को नहीं है। पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में जो कुछ हो रहा है, उसने एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है - यह लोकतंत्र है या अराजकता? या लोकतंत्र के नाम पर अराजकता? लोकतंत्र शब्द आज सबसे ज्यादा बोला जाने वाला शब्द है। संसद से सड़क तक, टीवी स्टूडियो से सोशल मीडिया तक हर कोई लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। पर सवाल यह है कि क्या जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र है? क्या हर दिन संसद को बाधित करना लोकतंत्र है? क्या चुनी हुई सरकार को काम ही नहीं करने देना लोकतंत्र है? क्या विदेशी धरती पर जाकर देश की संस्थाओं को बदनाम करना लोकतंत्र है? इन सवालों का जवाब खोजना जरूरी है, क्योंकि आज देश एक चौराहे पर खड़ा है।

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार है जो लोकतंत्र को उसकी जड़ों तक मजबूत कर रही है, और दूसरी तरफ एक ऐसा वर्ग है जो लोकतंत्र के नाम पर अराजकता को अपना हथियार बना रहा है। इसलिए आज लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की साजिश को समझने का वक्त है। क्या यही लोकतंत्र है? लोकतंत्र का पहला अर्थ है - संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान। पर आज क्या हो रहा है? विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही है। सवाल पूछा जाना चाहिए - क्यों? क्या इसलिए कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का फैसला लिया है? लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव जीतना या हारना नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है - जनता के जनादेश का सम्मान। 2014 में और फिर 2019 और 2024 में इस देश की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। जनता ने कहा कि हमें स्थिरता चाहिए, विकास चाहिए, सुशासन चाहिए। मोदी सरकार ने इसी जनादेश को अपना धर्म माना। क्या लोकतंत्र यह है कि अनुच्छेद 370 जैसे 70 साल पुराने नासूर को संसद में बहस के बाद लोकतांत्रिक तरीके से हटाया जाए? मोदी सरकार ने लोकतंत्र को पांच सितारा होटलों के सेमिनार से निकालकर गांव की चौपाल तक पहुंचाया है। यह लोकतंत्र है कि आज संसद में हर बिल पर खुली बहस होती है। वोटिंग होती है। यह लोकतंत्र है कि आज कैबिनेट के फैसले किसी एक परिवार के ड्राइंग रूम में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होते हैं। जो लोग आज लोकतंत्र खतरे में है, का शोर मचा रहे हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि लोकतंत्र खतरे में तब था, जब 1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया था। लोकतंत्र खतरे में तब था जब प्रेस पर सेंसरशिप थी। आज लोकतंत्र खतरे में नहीं है, बल्कि आज लोकतंत्र सबसे ज्यादा सुरक्षित हाथों में है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज प्रधानमंत्री खुद संसद में घंटों खड़े होकर विपक्ष के हर सवाल का जवाब देते हैं। यही तो लोकतंत्र है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण तो लोकतंत्र की सबसे पहली शर्त है। फर्जी मतदाता हटें।

बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कटें। एक व्यक्ति का नाम दो जगह से मिटे। यह तो हर लोकतंत्र-प्रेमी चाहेगा। पर जब चुनाव आयोग यही काम करने चलता है, तो उसी पर हमला बोला जाता है। ज्ञानेश कुमार जैसे



अधिकारी पर इस्तीफे का दबाव बनाया जाता है। क्या यही लोकतंत्र है? यह लोकतंत्र नहीं। यह चुनाव आयोग को डराने की कोशिश है। मोदी सरकार ने हमेशा चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को स्वतंत्र रखा है। 2014 के बाद से चुनाव आयोग ने जैसे-जैसे पारदर्शिता बढ़ाई, वैसे-वैसे चुनाव और ज्यादा निष्पक्ष हुए। या यह अराजकता है ?इसका जवाब दिल्ली की सड़कों पर दिखा। गहन पुलिस प्रबंधन के बावजूद...!पूरी तैयारी के बावजूद...! प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव किया गया । इसमें 6 से अधिक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जो पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा में लगे हैं, उन पर पत्थर फेंकना क्या लोकतांत्रिक विरोध है? यह सीधी अराजकता है । दिल्ली पुलिस ने कानून के दायरे में रहकर 7 हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इनमें दीपके समेत विपक्षी दलों से जुड़े चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। सोचिए, चार पूर्व मुख्यमंत्री अगर सड़क पर अराजकता फैलाएंगे तो आम कार्यकर्ता क्या करेगा? यह आंकड़ा ही बताता है कि यह कोई स्वतः स्फूर्त जन-आंदोलन नहीं था। यह प्रायोजित अराजकता थी। या यह लोकतंत्र के नाम पर अराजकता है? यह सबसे खतरनाक स्थिति है। लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाना। दिल्ली के अलावा इसका प्रभाव अन्य शहरों में भी देखा गया। पटना, कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद में भी सांकेतिक जाम और प्रदर्शन की कोशिश हुई। मकसद एक ही था - जनजीवन को बाधित करो, ताकि सरकार पर दबाव बने। मूल मुद्दा क्या है? चुनाव आयोग या कुछ और? असली मुद्दा न तो ज्ञानेश कुमार हैं, न ही मतदाता सूची।

असली मुद्दा है - मोदी सरकार के सुशासन से ध्यान भटकाना। विपक्ष जानता है कि वह नरेंद्र मोदी का मुकाबला विकास के मुद्दे पर नहीं कर सकता। इसलिए वह हर चुनाव सुधार को विवादित बनाता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से किसे डर लग रहा है? उसी को जिसे फर्जी वोटों के सहारे जीतने की आदत है। मोदी सरकार का मंत्र साफ है - एक राष्ट्र, एक चुनाव सूची, शुद्ध चुनाव सूची। लोकतंत्र में अंतिम फैसला सड़क पर नहीं, संसद में होता है। दिल्ली में आंदोलन के बावजूद आम चुनावों में भाजपा जीती। यह सबसे बड़ा जवाब है। दिल्ली की जनता ने सड़क की अराजकता को नकार दिया। नंदीग्राम में भी भाजपा जीती। एक ऐसा क्षेत्र जहां 70 प्रतिशत से भी ज्यादा अल्पसंख्यक मतदाता हैं, वहां भी भाजपा 70 हजार से अधिक मतों से जीती। यह बताता है कि अल्पसंख्यक भी अब अराजकता की राजनीति से ऊब चुके हैं और मोदी के विकास वाले लोकतंत्र पर भरोसा कर रहे हैं। पांडिचेरी में भी एनडीए जीती। यह जीत दक्षिण में भी लोकतंत्र की जीत है। तात्पर्य बिल्कुल साफ है। भारतीय लोकतंत्र ने अराजकता की प्यास को बुझा दिया है। जनता ने बता दिया है कि वह पथराव वाली राजनीति नहीं चाहती। वह विकास वाली राजनीति चाहती है।

अतः हमारा स्पष्ट सुझाव है कि किसी भी कीमत पर राजनीतिक टकराव के बीच जनजीवन बाधित होना किसी के हित में नहीं है। लोकतंत्र में टकराव होना चाहिए - विचारों का टकराव, नीतियों का टकराव, पर सड़क पर टकराव से आम आदमी को क्यों सजा मिले? स्कूल की बस रोकी जाए? एंबुलेंस फंसी रहे? दुकानदार का धंधा बंद हो? यह कौन सा लोकतंत्र है? देश संसद से चलेगा। सड़क से नहीं। यह बात विपक्ष को समझनी होगी। अगर आपको मतदाता सूची पर आपत्ति है तो चुनाव आयोग के पास जाइए।कोर्ट में जाइए।संसद में चर्चा कीजिए। पर सड़क पर पत्थर फेंककर आप लोकतंत्र को मजबूत नहीं, कमजोर कर रहे हैं।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



अवसाद का घेरा कसता वर्चुअल स्टारडम

हाल में मध्य प्रदेश के सिंगरौली में एक चर्चित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने आत्महत्या कर ली। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सोलह लाख फॉलोअर्स और ब्यूटी क्वीन के नाम से मशहूर इंफ्लुएंसर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सोशल मीडिया पर डाली गई आखिरी पोस्ट के अनुसार 30 साल की यह इंफ्लुएंसर खुद को प्यार में ठगा हुआ महसूस कर रही थी। कुछ समय पहले हरियाणा के गुरुग्राम में भी फ्रीलांसर रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने खुदकुशी कर ली थी। सोशल मीडिया पर 'जम्मू की धड़कन' के नाम से भी चर्चित इस इंफ्लुएंसर के इंस्टाग्राम पर करीब 6.82 लाख फॉलोअर्स थे। तकलीफदेह है कि स्क्रीन को ही अपना संसार बना चुके बहुत से युवक-युवतियां जीवन के व्यावहारिक धरातल से दूर हो रहे हैं। अपने अनुसरणकर्ताओं को जीवन की समस्याओं से जूझने के मंत्र देने वाले कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वयं अवसाद और अकेलेपन के घेरे में हैं। एकतरफा संवाद वाल इनका संसार स्वयं ही सब कुछ कहने-बताने-दिखाने वाला कंटेंट परोसने तक सिमट जाता है। आभासी स्टारडम के कसते घेरे में अपने स्वजनों- परिजनों तक दूर हो जाते हैं। स्मार्ट स्क्रीन को अपनी दुनिया बना चुके सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पास कोई भावनात्मक सहारा नहीं होता। साथ ही सोशल मीडिया मंचों का बदलता एल्गोरिदम भी उनकी मनःस्थिति पर गहरा असर डालता है। एक ओर हर पोस्ट के वायरल होने का तनाव तो दूसरी ओर लोकप्रियता को बनाए रखने का दबाव। एक बार वर्चुअल दुनिया में अपना ठिकाना बना लेने के बाद सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर बहुत दबाव रहता है। आभासी चमक-दमक वाले संसार में अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बनाये रखना भी एक समय बाद मन-जीवन को असहज करने लगता है। चिंतनीय है कि डिजिटल क्रिएटर युवा सहज परिवेश और परिवार से ही दूर हो जाते हैं। एक ओर फॉलोअर्स की बढ़ती संख्या एक अहंकारी भाव से भर देती है तो दूसरी ओर अनुसरणकर्ताओं के घटने की स्थिति का सामना भी नहीं कर पाते। पिछले साल इंफ्लुएंसर मीशा अग्रवाल ने भी इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की संख्या घटने के कारण ही आत्महत्या कर ली थी। ईकीगाई लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश के 40 लाख से ज्यादा कंटेन्ट क्रिएटर्स में से 80 प्रतिशत सप्ताह में कम से कम एक बार भारी तनाव महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, लगातार सामग्री बनाना भी मुश्किल काम होता है। यही रिपोर्ट बताती है कि करीब 62 प्रतिशत बर्नआउट रिपोर्ट करते हैं। साथ ही 52 फीसदी कंटेन्ट क्रिएटर्स अपने काम से जुड़ी एंग्जायटी से जूझते हैं। दुखद है कि घर-परिवार का आयोजन हो या देश की कोई घटना-दुर्घटना। आभासी संसार में छाए रहने के फेर में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सही गलत का अंतर भी भूल रहे हैं। वीडियो बनाते हुए खुद दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। महिलाएं अभद्र कंटेन्ट बना रही हैं। जेन जी असभ्य भाषा बोलकर फॉलोवर्स बढ़ाने की जुगत करते दिखते हैं। सब कुछ मन मुताबिक करने की यह मानसिकता और व्यवहार अवसाद की ओर धकेलने वाला ही है।स्पष्ट है कि युवाओं का आभासी संसार में मौजूदगी के बावजूद अपने असली व्यक्तित्व और भावनाओं को समझना आवश्यक है। वर्चुअल और असल जीवन में संतुलन साधना जरूरी है। इसके लिए फॉलोअर्स की अपेक्षाओं के दबाव में नकलीपन ओढ़ने से बचना और अपनों के साथ संवाद करना होगा। हर वीडियो क्लिप या रील में खूबसूरत, खुशदिल और सक्रिय दिखने का दबाव कई बार जीवन पर भारी पड़ता है। बीते दिनों भी देखने में आया था कि अपने अनुसरणकर्ताओं का आंकड़ा बढ़ाने की जुगत करने वाले बहुत से इंफ्लुएंसर जंतर-मंतर पहुंचे थे।जबकि विचित्र भाषा और गीत-संगीत के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने वाले ये आभासी चेहरे ऐसे प्रदर्शनों का विषय तक ठीक से नहीं जानते थे। चिंतनीय है कि नई पीढ़ी की एक बड़ी आबादी इस वर्चुअल घेरे में आ रही है। जीवन का हर पल स्क्रीन में समेटने की आदत मानसिक रूप से थका देती है। व्यक्तिगत सुख-दुख भी कंटेंट का हिस्सा बनाने वाले इन चेहरों के भीतर एक अकेलापन पसरता जाता है। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म, क्वोरोज़, की एक रिपोर्ट के अनुसार कैमरे के पीछे की असलियत मानसिक स्वास्थ्य संकट, वित्तीय अस्थिरता और एल्गोरिदम के दबाव से घिरी हुई है। रिपोर्ट बताती है कि पिछले 4 साल में हमारे यहां इन्फ्लुएंसर्स की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। यह संख्या 2020 के 9.6 लाख से बढ़कर 2024 में 40.6 लाख हो गई। ऐसे में इंफ्लुएंसर्स की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उनके साथ होने वाली आपराधिक घटनाओं के साथ ही आत्महत्या के मामले भी बढ़ रहे हैं ।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कई परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।


मृत्यु एक अटल सत्य है



संकलित
प्रेरणा

एक राधेश्याम नामक युवक था। उसका छोटा सा परिवार था जिसमें उसके माता-पिता, पत्नी एवम दो बच्चे थे। उसके इन्ही गुणों के कारण श्री कृष्ण उससे बहुत प्रसन्न थे और सदैव उसके साथ रहते थे। और राधेश्याम अपने कृष्ण को देख भी सकता था और बाते भी करता था। इसके बावजूद उसने कभी ईश्वर से कुछ नहीं मांगा। एक दिन राधेश्याम के पिता की तबियत अचानक ख़राब हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। उसने सभी डॉक्टर्स के हाथ जोड़े। अपने पिता को बचाने की मिन्नते की। लेकिन सभी ने उससे कहा कि वो ज्यादा उम्मीद नहीं दे सकते। और सभी ने उसे भगवान पर भरोसा रखने को कहा। तभी राधेश्याम को कृष्ण का ख्याल आया और उसने अपने कृष्ण को पुकारा। कृष्ण दौड़े चले आये। राधेश्याम ने कहा- मित्र! तुम तो भगवान हो मेरे पिता को बचा लो। कृष्ण ने कहा- मित्र! ये मेरे हाथों में नहीं हैं। इस पर राधेश्याम नाराज हो गया। तब भगवान कृष्ण ने उससे कहा- मित्र! मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं राधेश्याम ने तुरंत पूछा कैसा कार्य? कृष्ण ने कहा- तुम्हे! किसी एक घर से मुट्ठी भर ज्वार लानी होगी और ध्यान रखना होगा कि उस परिवार में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। राधेश्याम हर घर गया पर वहां ज्वार तो होती लेकिन ऐसा कोई नहीं होता जिनके परिवार में किसी की मृत्यु ना हुई हो। दो दिन तक भटकने के बाद राधेश्याम को अहसास हुआ कि मृत्यु एक अटल सत्य है। इसका सामना सभी को करना होता है। और वो अपने व्यवहार के लिए कृष्ण से क्षमा मांगता हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

जरूरी है सुरक्षित घर

आपदा कभी चेतावनी देकर नहीं आती, लेकिन उससे होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम आपदा आने के बाद राहत और बचाव की तैयारी करने के बजाय पहले से ही जोखिमों को पहचानें, सुरक्षित निर्माण को प्राथमिकता दें और प्रत्येक नागरिक को आपदा से निपटने के लिए तैयार करें। इसी उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 में इस दिवस की थीम थी : लचीलापन घर से शुरू होता है। संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा निर्धारित यह विषय इस बात पर जोर देता है कि आपदाओं से सुरक्षा की शुरुआत हमारे अपने घर, परिवार और आसपास के वातावरण से होती है।

- बिजेंद्र शर्मा, रोहतक

करंट अफेयर

स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी, रूस जिम्मेदार

पोलैंड ने सितंबर में स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी की घटना के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है और स्टेशन को नुकसान पहुंचाने के संबंध में तुर्किये के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है।



प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोलैंड के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि संदिग्धों को जर्मनी में गिरफ्तार किया गया। पोलैंड के निजता संबंधी नियमों के कारण उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। आरोपियों पर 23 सितंबर को वारसॉ से करीब 40 किलोमीटर दक्षिण में स्थित वोला क्रोबोव्स्का में स्टारलिंक के बुनियादी ढांचे में जानबूझकर आग लगाने का आरोप है। खुफिया सेवाओं की निगरानी करने वाले पोलैंड के मंत्री तोमाश सिएमोनियाक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'हमें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि उपग्रह को नुकसान पहुंचाने की इस घटना के पीछे रूसी खुफिया सेवाओं का हाथ है।' उन्होंने कहा कि रूसी खुफिया सेवाएं आपराधिक दुनिया से जुड़े लोगों का तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को 'हाइब्रिड युद्ध का एक और कृत्य' बताया। इस संबंध में अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हो सके।

ऑफ बीट

मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी

मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29.5-दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है - शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्कैडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्कैडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे-जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे-वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है। वर्ष 2021 के एक अध्ययन में पाया गया कि अर्जेंटीना की टोबा स्वदेशी समुदायों में लोग पूर्णिमा (फुल मून) से पहले की तीन से पांच रातों में 30 से 80 मिनट देर से सोने जाते थे।



ट्रेंड

कांग्रेस महिला विरोधी



राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का महिला-विरोधी चेहरा एक बार फिर देश के सामने है। एक विरोध प्रदर्शन की कवरेज के दौरान तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार ऋचा पाराशर के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना बेहद निंदनीय है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी वफादार नहीं



जिन्होंने भगवान का पैसा चुराया और खुद भगवान को भी धोखा दिया, वे भला उन डॉक्टरों को क्या बख्शेंगे जो इस धरती पर भगवान का रूप हैं, भले ही वे बीजेपी के सदस्य हों? बीजेपी पैसे के अलावा किसी के प्रति वफादार नहीं है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

बीजेपी को करारा जवाब



भदरोथ जिला पंचायत उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत इस बात का सबूत है कि गुजरात के किसानों का भरोसा अब मजबूती से 'आप' के साथ जुड़ रहा है। किसानों को न्याय न देने वाली बीजेपी सरकार को करारा जवाब मिला है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग में गड़बड़ियां



चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। यह एक स्वतंत्र संस्था है। हालांकि, इसे स्वतंत्र रूप से फैसले लेने नहीं दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के दो सदस्यों ने खुलकर बताया है कि आयोग कैसे काम कर रहा है, उसमें किस तरह की गड़बड़ियां हो रही हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



गिल रिकॉर्ड पांचवीं बार चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ, शेफाली भी सम्मानित

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी ने रिकॉर्ड पांचवीं बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जबकि सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को एशिया कप और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये महिला वर्ग में यह सम्मान मिला। शुभमन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हाले मैथ्यूज की बराबरी कर ली, जो पांच बार यह सम्मान पा चुकी हैं।

शुभमन को इससे पहले जनवरी और सितंबर 2023 और फरवरी और जुलाई 2025 में चुना गया था। शुभमन ने कहा,' पांचवीं बार आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना अच्छा लग रहा है। मैं इस सम्मान के लिये पैनल को धन्यवाद देता हूं।' गिल ने दूसरे मैच में 133 गेंद में 223 रन बनाए थे, जिसके दम पर भारत ने 406 रन का लक्ष्य 39 गेंद बाकी रहते हासिल करके 8 विकेट से जीत दर्ज की थी।



शेफाली ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन

शेफाली ने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विजयी पारी खेलने के बाद यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने महिला एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। एशियाई खेलों में बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने नाबाद 100 और श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 48 रन बनाए थे।

जीत में योगदान देना अच्छा : शेफाली

शेफाली ने कहा,' यह पुरस्कार फिर हासिल करना सम्मान की बात है। एशिया कप और एशियाई खेलों में खिताबी जीत में योगदान देना अच्छा रहा, जिससे यह जीत और खास हो गई।'



आईसीसी रैंकिंग : 790 अंक के साथ शीर्ष पर स्मृति

दुबई। स्मृति मंधाना ने आईसीसी वनडे महिला बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा है जबकि आस्ट्रेलिया की एलिसे पैरी ताजा रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटी। हाल ही में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तान बनाई गई मंधाना 790 अंक के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर है। हरमनप्रीत नौवें स्थान पर है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गई। महिला टी20 रैंकिंग में शेफाली वर्मा चौथे, मंधाना पांचवें और हरमनप्रीत दसवें स्थान पर है। महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीचरणी और दीप्ति शीर्ष दो में हैं। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में दीप्ति शीर्ष दस में अकेली भारतीय हैं और चौथे स्थान पर है। वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह छठे स्थान पर है। टी20 और वनडे टीम रैंकिंग में भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

खबर संक्षेप



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया का ऐलान

नई दिल्ली। पंजाब में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है लेकिन गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की वापसी हुई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एशियाई खेलों और विश्व कप से बाहर रहे पाठक ने वापसी की है जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे भी टीम में हैं। मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह और फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह 18 सदस्यीय टीम में दो रिजर्व खिलाड़ी हैं। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए पंजाब में दो दशक बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है । इसके मुकाबले जालंधर और मोहाली में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलेंगे डिसिल्वा



कोलंबो। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कुसल मेंडिस कप्तान होंगे जबकि पूर्व कप्तान धनंजय डिसिल्वा भी टीम में होंगे। श्रीलंका की टी20 और वनडे टीमों की कप्तानी कर चुके 31 वर्ष के मेंडिस कुछ दिन पहले डिसिल्वा की जगह कप्तान बने । 35 वर्ष के डिसिल्वा ने नई पीढी के मौका देने के लिए कप्तानी छोड़ दी थी। पाथुम निसांका को भी टीम में जगह दी गई है बशर्ते वह पहले टेस्ट से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएं। श्रीलंका टीम नौ नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान जाएगी। मैच रावलपिंडी और लाहौर में होंगे। श्रीलंका इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिका में सातवें और पाकिस्तान आखिरी स्थान पर है।

डोपिंग उल्लंघन में निलंबित हुए कोच यूनुस खान



नई दिल्ली। भारत के जाने-माने एथलेटिक्स कोच मोहम्मद यूनुस खान को डोपिंग नियमों के कथित उल्लंघन में शामिल होने के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। खान ने लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को उनके शुरुआती करियर में प्रशिक्षण दिया था। पुणे स्थित प्रतिष्ठित सेना खेल संस्थान (एएसआई) में मध्यम और लंबी दूरी के धावकों को प्रशिक्षण देने वाले खान पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपने नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत आरोप लगाया है।

चौथा टी-20 आज, पलटवार की कोशिश करेगा वेस्टइंडीज

सीरीज सील करने उतरेगी भारतीय टीम, पावर हिटर्स पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी20 मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय 2-1 से आगे है और उसे श्रृंखला अपने नाम करने के लिए बस एक जीत की जरुरत है।

वहीं पिछले मैच में करारी हार के बाद वेस्टइंडीज वापसी करके श्रृंखला में बने रहने की कोशिश में होगा। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है।



भारतीय गेंदबाजों को करना होगा अनुशासित प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजों को अनुशासित प्रदर्शन करना होगा क्योंकि रांची में दूसरे टी20 में जीत के लिए 250 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था, जिसमें होप ने 45 गेंद में 102 रन बनाए थे। इंदौर में शिमरोन हेटमायेर (43) , कामिल पूरन (42) और स्प्रिंगर (नाबाद 35) ने अच्छी पारियां खेली। अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ने हालांकि मुकाबला जीता। भारत ने इस मैदान पर पिछली बार टी20 मैच बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में खेला था जब 6 विकेट पर 297 रन बनाकर 133 रन से जीत दर्ज की थी। सैमसन ने उस मैच में 43 गेंद में 111 रन बनाए थे और वह एक बार फिर यहां यादगार पारी खेलना चाहेंगे। मैच का समयः शाम 7:00 बजे

दोनों टीमों के सामने चुनौती

शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के लिए चुनौती भारतीय रनगति पर अंकुश लगाने की होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले टी20 में शतक लगाया था जबकि दूसरे मैच में सैमसन और ईशान ने बड़ी पारियां खेली हालांकि यह मैच वेस्टइंडीज ने जीता। तीसरे मैच में अभिषेक का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के हरफनमौला शामार स्प्रिंगर ने स्वीकार किया था कि अभिषेक के फॉर्म में होने पर उनकी टीम के पास रक्षात्मक खेलने क अलावा कोई चारा नहीं रह जाता।

वेस्टइंडीज को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड ने अभी तक 189 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 12 छक्के जड़े हैं। कप्तान शाइ होप ने 182 की स्ट्राइक रेट से 159 रन बनाए हैं। विश्व चैंपियन भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए हालांकि वेस्टइंडीज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

रणजी ट्रॉफी

हैदराबाद का शानदार आगाज त्रिपुरा को पारी से हराया

तनय-सिराज ने चटकाए 8 विकेट



एजेंसी ▶▶| सिकंदराबाद

हैदराबाद ने एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

तेज गेंदबाज तनय त्यागराजन और मोहम्मद सिराज ने मिलकर 8 विकेट चटकाए, जिससे हैदराबाद ने दूसरी पारी में त्रिपुरा को 120 रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 99 रन बनाए थे।

हैदराबाद को इस जीत से बोनस अंक सहित कुल सात अंक मिले। त्यागराजन ने 52 रन देकर 6 विकेट चटकाते हुए त्रिपुरा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी जबकि भारत के तेज गेंदबाज सिराज ने 9 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

मुंबई ने चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराया

मुंबई। मुंबई ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुंबई ने 3 दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर समेट कर 351 रन की बढ़त हासिल कर उसे फॉलोऑन दिया। चंडीगढ़ ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट गंवाया था। मुंबई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी 52.1 ओवर में 196 रन पर समेट दी। शम्स मुलानी ने 69 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि तनुष कोटियान ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 429 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। टीम के लिए कप्तान सिद्धेश लाड ने 86, मुशीर खान ने 65 रन, कोटियन ने 58 और मोहित अवस्थी ने नाबाद 56 रन की पारी खेली थी।

एफवन रेस

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी के दिखे संकेत

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर



फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी को लेकर चल रही कवायद के बीच प्रणव अडाणी की सिंगापुर ग्रां प्री में निजी यात्रा ने सभी का ध्यान खींचा है। प्रणव निजी तौर पर सिंगापुर जीपी पैडोक में थे और विश्व मोटर स्पोर्टस की संचालन संस्था एफआईए के अतिथि के रूप में मौजूद थे। अडाणी समूह ने कर्जे में डूबे जेपी समूह का अधिग्रहण कर लिया है, जिसमें 2011 से 2013 के बीच फॉर्मूला वन रेस की मेजबानी करने वाला बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट भी शामिल है। वित्तीय चुनौतियों और कर से जुड़े मसलों के कारण उसके बाद भारत में एफवन रेस नहीं हुई। करण अडाणी ने भारत में एफवन रेस के आयोजन की इच्छा जताई थी और भारत सरकार की भी इसमें रुचि है।

हेलमेट में लगी बॉल, स्मिथ का होगा कनकशन टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद कनकशन (सिर में चोट) जांच के लिए भेजा जाएगा। सैतीस वर्ष के स्मिथ को मैच के चौथे दिन सोमवार को नॉर्किया की शॉर्टपिच गेंद को खेलने के प्रयास में चोट लगी। वह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए नहीं आए। हरफनमौला ब्यू वेबस्टर ने चौथे दिन के खेल के बाद कहा ,' उम्मीद है कि वह ठीक होगा। गेंद काफी तेजी से लगी है। हम उसके ठीक होने की कामना करते हैं।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया की सिर की चोट और कनकशन नीति के तहत स्मिथ को अगले 24 घंटे निगरानी में रखा जाएगा।



कोलकाता में होगा फुटबॉल का रोमांच खेलेंगी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

स्पेन के सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच 25 नवंबर को एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री इंद्रनील खान ने यह जानकारी दी। यह मैच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

खान ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए इस आयोजन की घोषणा की। उन्होंने दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी क्लबों के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों के बीच होने वाले मुकाबले का संकेत देते हुए लिखा, 'एल क्लासिको की तैयारी जारी... बार्सीलोना लीजेंड्स बनाम रियाल मैड्रिड लीजेंड्स... 25 नवंबर, 2026, विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता।'' यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब इस महीने की शुरुआत में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के दो बड़े अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच आयोजित किए गए थे।



डेनमार्क ओपन

सिंधू और लक्ष्य पहले दौर में बाहर श्रीकांत व तन्वी दूसरे दौर में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| ओडेन्से (डेनमार्क)

भारत की पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार को डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि किदांबी श्रीकांत और तन्वी शर्मा ने अपने-अपने एकल मुकाबलों में कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई। एसजेएफ बैंक एरेना में खेले गए महिला एकल के पहले दौर के मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को जर्मनी की उनसे कम रैंकिंग वाली यवोन ली के खिलाफ एक घंटे पांच मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 23-25, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल के पहले दौर में लक्ष्य को चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ टिएन चेन ने एक घंटे तीन मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 13-21, 21-15 से हराया। एक अन्य पुरुष एकल मुकाबले में श्रीकांत ने फ्रांस के अरनॉड मर्कल को 46 मिनट में 22-20, 21-19 से शिकस्त दी। अब उनका सामना इस 9,50,000 अमेरिकी डॉलर इनामी सुपर 750 टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में फ्रांस के सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स लेनिएर से होगा। श्रीकांत ने 2017 में यहां खिताब जीता था। महिला एकल में तन्वी को भी जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने एक घंटे 12 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 16-21, 21-19 से जीत हासिल की। अगले दौर में उनका सामना जर्मनी की यवोन ली से होगा।

बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने पहली बार हारा टेस्ट मैच

द. अफ्रीका को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच में 214 रनों से हराया। डरबन के किंग्समीड मैदान पर खेले गए मुकाबले में 421 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की पूरी टीम दूसरी पारी में 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टेस्ट के पांचवें दिन 102/4 के स्कोर से आगे खेलते हुए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज स्कोरकार्ड में 104 रन जोड़कर आउट हुए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 75 रन एडेन मार्करम ने बनाए, जबकि डेविड बेडिंगहैम ने 46 रनों का योगदान दिया। रयान रिकेल्टन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।



बेहतरीन लय में हेजलवुड

एनरिक नॉर्टजे को आउट करते हुए हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पर मुहर लगाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में जोश हेजलवुड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं, मैट रेनशॉ ने दो और मिचेल स्टार्क और कप्तान पैट कमिंस ने एक-एक विकेट झटका।

सिर्फ एक रन पर आउट हुए रेनशॉ

कप्तान टेंबा बावुमा को मैट रेनशॉ ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स भी एक रन ही बना सके। वियान मुल्डर ने शुरुआत अच्छी की, लेकिन वह 29 रन बनाने के बाद जोश हेजलवुड की गेंद पर एलेक्स कैरी को कैच देकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने भी महज एकर रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्को जानसन टीम के लिए कुछ हद तक संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन वो भी 35 रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। साइमन हार्मर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, तो केशव महाराज एक रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए थे 390 रन

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में मैट रेनशॉ द्वारा खेली गई 190 रनों की लाजवाब पारी के बूते 390 रन बनाए, जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पहली पारी के आधार पर 106 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया ने मैट रेनशॉ की 82 और निक मैडिनसन की 48 रनों की पारी के दम पर 6 विकेट खोकर 314 रन बनाने के बाद पारी को घोषित किया और साउथ अफ्रीका के सामने 421 रनों का लक्ष्य रखा।



बिम्सटेक के गृह मंत्रियों की बैठक में अमित शाह बोले

भारत ने हमेशा आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई


अमित शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बिम्सटेक के गृह मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। हमारी साझेदारी इस भरोसे से मजबूत होती है कि हर सदस्य देश की सुरक्षा व्यवस्था दूसरे सदस्य देशों की सुरक्षा में भी योगदान दे। हमारी साझा प्रतिबद्धता यह पक्का करे कि आतंकवादी नेटवर्क को इस क्षेत्र के किसी भी हिस्से में पनाह लेने, लोगों को भर्ती करने और ट्रेनिंग देने, फंड जुटाने या पड़ोसी देशों के खिलाफ गतिविधियां चलाने का कोई मौका या जगह न मिले। हमें राष्ट्रीय कानूनों और लागू संधियों के अनुसार, आपसी कानूनी सहायता और प्रत्यर्पण के मामलों में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए।

भारत किसी पर भी हमला करने में विश्वास नहीं रखता



बिम्सटेक के गृह मंत्रियों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि बिम्सटेक क्षेत्रीय एकीकरण, आर्थिक सहयोग और सामूहिक सुरक्षा के लिए एक जरूरी मंच बन गया है। आज, भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी 'दुनिया एक परिवार है' की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हम हमेशा शांति, सह-अस्तित्व और मानव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, और आज भी हम इन सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। भारत ने कभी भी किसी देश पर हमला करने या उस पर अपना दबदबा बनाने में विश्वास नहीं किया है। भारत हमेशा सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने और मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने में विश्वास करता रहा है।

बिम्सटेक देश प्रत्यर्पण के मामले में आपसी समर्थन करें

भारत सभी की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करता

भारत मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के पक्ष में

ड्रग्स आने वाली पीढ़ियों की जिंदगी पर हमला है

केंद्रीय गृह मंत्री ने ड्रग्स का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारे युवाओं, हमारे समाज, हमारी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों की जिंदगी पर हमला है। इसे किसी एक देश की कोशिशों से नहीं रोका जा सकता। हमें पूरे क्षेत्र को साथ लेकर चलने वाला नजरिया अपनाना होगा। ड्रग तस्करी से होने वाली गैर-कानूनी कमाई संगठित अपराध को आर्थिक ताकत देती है और इसका इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने में भी किया जाता है। प्रीकर्सर केमिकल्स का गलत इस्तेमाल और डार्क वेब के जरिए होने वाले लेन-देन इस चुनौती को और भी मुश्किल बना देते हैं।

सीमा पार संगठित अपराध से निपटने में सहयोग जरूरी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गृह मंत्रियों के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सहयोग को ऐसे व्यावहारिक इंतजामों में बदलें, जो हमारे नागरिकों की सुरक्षा और हमारी एजेंसियों की क्षमताओं को मजबूत करें। भारत बिम्सटेक के सुरक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की सराहना करता है। हम अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, सीमापार संगठित अपराध और नशीले पदार्थों की तस्करी जैसी आपस में जुड़ी चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने और साथ ही संबंधित बिम्सटेक समझौतों को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चुनौतियों से निपटने के लिए इंटेलिजेंस एजेंसियों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, फाइनेंशियल मॉनिटरिंग एजेंसियों और बॉर्डर मैनेजमेंट एजेंसियों के बीच रियल-टाइम सहयोग और तालमेल बहुत जरूरी है।

मानव तस्करी गंभीर चुनौती

अमित शाह ने कहा कि मानव तस्करी भी हमारी साझा सुरक्षा और मानवाधिकारों के लिए एक गंभीर चुनौती है। पीड़ितों की पहचान करने, उन्हें बचाने, मदद करने, उनके पुनर्वास और उन्हें सुरक्षित उनके देश वापस भेजने में सहयोग हमारी सामूहिक कोशिशों का एक अहम हिस्सा बना रहना चाहिए।

17 अक्टूबर तक सस्पेंड

भारत समेत 8 देशों ने रोकी सऊदी अरब की सभी उड़ानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया का सबसे सुरक्षित माने जाने वाला देश सऊदी अरब भी जंग की चपेट में आ चुका है। यमन के हूती विद्रोहियों के लगातार हमले के बाद भारत समेत आठ देशों ने सऊदी अरब की उड़ानों पर रोक लगा दी है। भारतीय एयरलाइंस इंडिगो, एयर इंडिया और आकासा एयर ने सऊदी अरब के कई शहरों के लिए और वहां से आने-जाने वाली उड़ानें 17 अक्टूबर तक रोक दी हैं। एक ट्रैवल एडवाइजरी में इंडिगो ने सऊदी अरब में स्थिति का हवाला देते हुए रियाद, जेद्दा, दम्मम और मदीना को जोड़ने वाली उड़ानें शनिवार तक रद्द करने की घोषणा की। एनालिटिक्स फर्म 'सिरियम' के आंकड़ों के मुताबिक, अकेले एक दिन रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली या लैंड होने वाली करीब 300 फ्लाइट्स को अचानक रद्द करना पड़ा था।



इन्होंने लगाई रोक

- **एतिहाद एयरवेज** यूएई से रियाद आने और जाने वाली सभी उड़ानें को रद्द
- **गल्फ एयर** बहरीन से रियाद की उड़ानें सस्पेंड
- **सिंगापुर एयरलाइंस :** नई सर्विस शुरू करने के प्लान को टाल दिया
- **भारतीय एयरलाइंस :** इंडिगो और एयर इंडिया, आकासा एयर ने भी रियाद के लिए अपनी उड़ानों पर रोक लगा दी है।

बेपटरी हुई बांदीकुई पैसेंजर, इंजन के बाद दूसरी बोगी के पहिए उतरे



अलवर। ईदगाह आगरा से बांदीकुई जा रही मेमू ट्रेन मंगलवार को खेरली रेलवे स्टेशन के पास बेपटरी हो गई। स्टेशन से लगभग 3.5 किलोमीटर पहले फाटक संख्या 66 और 67 के बीच ट्रेन की दूसरी बोगी के दो पहिये पटरी से उतर गए। तेज झटका लगने और जोरदार आवाज होने से यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। इस दुर्घटना में कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ। ट्रेन के गार्ड मनोज कुमार यादव ने बताया कि सुबह लगभग 11:20 बजे खंभा नंबर 96/8 के सामने बोगी संख्या 28236/सी के दो पहिये नीचे उतर गए।

दार्जिलिंग में हादसा

टॉय ट्रेन के सामने खड़ी थी कार, स्कूटर से हो गई टक्कर

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग

सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए लोग कई बार ऐसी हरकतें कर बैठते हैं, जो उनके लिए मुसीबत बन सकती हैं। इसका एक उदाहरण दार्जिलिंग से सामने आए इस वीडियो में देखने को मिल रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए गए इस वीडियो में पहाड़ी इलाके की एक संकरी सड़क दिखाई देती है। सड़क के बिल्कुल किनारे रेलवे ट्रैक है, जिस पर दार्जिलिंग की मशहूर टॉय ट्रेन आगे बढ़ रही है। इसी दौरान कुछ लोग सड़क पर खड़ी गाड़ियों के पास नजर आते हैं। कुछ लोग कार की खिड़की से मोबाइल और



गिंबल की मदद से ट्रेन का वीडियो बना रहे होते हैं।तभी आगे बढ़ती ट्रेन वहां खड़ी गाड़ियों के बेहद करीब पहुंच जाती है। ट्रेन की एक कार और फिर स्कूटर से टक्कर होती दिखाई देती है। टक्कर के बाद स्कूटर पर सवार 2लोग सड़क पर गिर जाते हैं। स्कूटर को भी नुकसान पहुंचा हुआ नजर आता है। इसके बाद ट्रेन रुक जाती है।

कार मालिक पंक्चर कार को हाईवे पर छोड़ गया था

पंक्चर हुई बीएमडब्ल्यू, कोर्ट पहुंच गया मालिक...14 साल बाद इंश्योरेंस कंपनी भरेगी 70 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रात के अंधेरे में हाईवे पर कार पंक्चर होने के बाद उसे लॉक करके घर जाना एक बीएमडब्ल्यू मालिक को भारी पड़ गया, जब अगले दिन कार जली हुई मिली और इंश्योरेंस कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। हालांकि, 14 साल की लंबी लड़ाई के बाद आखिरकर इंश्योरेंस कंपनी को अब मुआवजा देना पड़ेगा। दरअसल, इंश्योरेंस कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस ने तर्क दिया था कि उस व्यक्ति को पंक्चर हुई बीएमडब्ल्यू को बिना देख-रेख के नहीं छोड़ना चाहिए था। हालांकि, महाराष्ट्र के कंज्यूमर कमीशन ने कंपनी के तर्कों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि गाड़ी की सुरक्षा के


फाइल फोटो

लिए कोई अपनी निजी सुरक्षा जोखिम में नहीं डाल सकता। कंज्यूमर कमीशन ने पीड़ित को मानसिक उत्पीड़न और कानूनी खर्च के मुआवजे के साथ 70.75 लाख का भुगतान करने का कड़ा आदेश सुनाया है।

सिर्फ गाड़ी की सुरक्षा के लिए अपनी निजी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता

इसके बाद यह मामला कंज्यूमर कोर्ट में चला गया। कंज्यूमर कमीशन ने यह भी कहा कि सिर्फ गाड़ी की सुरक्षा के लिए अपनी निजी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को मानसिक परेशानी और उत्पीड़न के लिए 50,000 रुपए और कानूनी कार्यवाही के खर्च के तौर पर 25,000 रुपए देने का भी निर्देश दिया गया। इस तरह, ब्याज को छोड़कर कुल भुगतान राशि 70.75 लाख रुपए हो गई।

सऊदी में भारतीयों के लिए एडवाइजरी

17 अक्टूबर तक उड़ानें रद्द होने से शांत और सतर्क रहने की अपील

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की। यह एडवाइजरी तब जारी की गई जब सऊदी शहरों को लिए भारतीय एयरलाइंस की सेवाएं 17 अक्टूबर तक सस्पेंड होने के कारण उड़ानों में रुकावट आई है। रियाद में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को शांत और सतर्क रहने, हवाई हमलों की स्थिति में घर के अंदर रहने और आधिकारिक चैनलों के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी। दूतावास ने भारतीयों से चल रही घटनाओं से संबंधित वीडियो या


सऊदी अरब इंटरनेशनल एयरपोर्ट

समाचार फैलाने या रीपोस्ट करने से बचने का आग्रह भी किया। दूतावास में बताया कि एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 17 अक्तूबर तक रियाद, दम्मम और जेद्दा के लिए उड़ाने सस्पेंड कर दी हैं। अकासा एयर ने रियाद और जेद्दा के लिए सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं, जबकि इंडिगो ने उसी तारीख तक रियाद, दम्मम, जेद्दा और मदीना के लिए उड़ाने रद कर दी हैं। रियाद एयरपोर्ट पर कामकाज सस्पेंड करने की घोषणा की है।

भारतीय नौसेना में शामिल होगा 'समर्थक'



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 16 अक्टूबर 2026 को कारवार स्थित नौसैनिक अड्डे पर बहुउद्देश्यीय युद्धपोत समर्थक को अपने बेड़े में शामिल करने वाली है। लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा निर्मित, समर्थक युद्धपोत को नौ सेना के बेड़े में शामिल करना भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। यह पोत समुद्री निगरानी और गश्त के लिए तैयार किया गया है। यह कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, लक्ष्य तैनाती और परीक्षण प्लेटफॉर्म, मानवरहित स्वायत्त प्रणाली मदरशिप, मानवीय सहायता और आपदा राहत तथा सीमित अस्पताल में रूपांतरित होने और बचाव कार्यों में सक्षम है।

दिल्ली में हो रहे प्रदर्शनों के गलत नैरेटिव दुनियाभर में फैला रहा पाकिस्तान

फेक पोस्ट मामले में 4 एफआईआर दर्ज, 200 पोस्ट हटाए


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में हालिया विरोध प्रदर्शनों और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों को लेकर दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट ने गलत नैरेटिव फैलाने और माहौल खराब करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज की हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने 200 से अधिक भ्रामक और तथ्यहीन पोस्ट को हटवाया है। पाकिस्तान स्थित सोशल मीडिया हैंडल सहित लगभग 100 सोशल मीडिया हैंडल फर्जी बयानबाजी फैलाने के आरोप में पुलिस की निगरानी में हैं। यह सारी एफआईआर बाराखंबा विरोध प्रदर्शनों के संबंध में चार एफआईआर दर्ज की गईं। जानकारी के अनुसार, विरोध प्रदर्शनों और त्योहारी मौसम को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने गृह मंत्रालय से दिल्ली में 273 कंपनियों को तैनात रखने का अनुरोध किया है।

करीब 100 सोशल मीडिया हैंडल पुलिस की निगरानी में

दिल्ली में 273 कंपनियों को तैनात रखने का अनुरोध

पाक यूजर्स भारतीय नाम रखकर झूठी खबरें फैला रहे


एआई इमेज

सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि सीमा पार से भारत विरोधी भावनाएं फैलाने और तनाव पैदा करने में कई पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। 10 अक्टूबर से शुरू हुई इस ऑनलाइन प्रोपेगैंडा मुहिम के तहत, पाकिस्तान से संचालित होने वाले कुछ यूजर कथित तौर पर भारतीय नाम रखकर भ्रामक वीडियो और झूठी खबरें फैला रहे हैं, ताकि ऐसा लगे कि ये पोस्ट देश के भीतर से ही किए जा रहे हैं।

पुलिस गहनता से छानबीन कर रही

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 10 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शनों के दौरान मौतों से जुड़ी कई झूठी रिपोर्ट्स भी इन हैंडल्स द्वारा फैलाई गई थीं। इसके अलावा, जनता के बीच अशांति या अफवाह फैलाने वाले लगभग 200 सोशल मीडिया पोस्ट को अब तक हटाया जा चुका है। पुलिस इस मामले में साइबर सेल की मदद से गहनता से छानबीन कर रही है और पाकिस्तान से जुड़े एंगल की भी जांच की जा रही है।

सतर्कता बरतने की अपील

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और गलत जानकारी फैलाने वाले विदेशी या फर्जी हैंडल्स के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया है और लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी है। उन्होंने ऐसे किसी पोस्ट को शेयर न करने की सलाह दी है, जिससे माहौल खराब हो रहा हो।

भारत-रूस की नौसेनाएं के बीच तालमेल और क्षमता का प्रदर्शन



नई दिल्ली। भारत और रूस की मजबूत दोस्ती को और आगे बढ़ाते हुए मंगलवार से दोनों देशों के बीच नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' शुरू हो गया है। भारतीय नौसेना के मुताबिक, यह अभ्यास 13 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर तक जारी रहेगा। यहां दोनों देशों के आधुनिक युद्धपोत एक साथ समुद्र में नजर आएंगे। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सह्याद्रि इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहले ही 10 अक्टूबर को रूस के व्लादिवोस्तोक पहुंच चुका है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28